हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्ष: 8, अंक: 203, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 24 जनवरी, 2024 दिन बुधवार गाजीपुर/वाराणसी

## भारत के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक हैं नेताजी सुभाष चंद्र बोस : योगी

### मुख्यमंत्री ने परिवर्तन चौक स्थित नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की



अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नेताजी ने युवाओं को विदेशी हुकूमत के खिलाफ एकजुट होने की प्रेरणा दी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने युवाओं में ऊर्जा भरी। भारत की आजादी के आंदोलन के दौरान उन्होंने युवाओं को विदेशी हुकूमत के खिलाफ एकजुट करके लड़ने की नई प्रेरणा दी थी।

न केवल भारत, बल्कि बाहर भी हमें देश की आजादी की लड़ाई को कैसे आगे ले जाना है, नेताजी ने उस समय इसकी गजब रणनीति तैयार की थी। आज उसी का परिणाम है कि जब हम भारत के बाहर जाते हैं तो बहुत सारी जगहों पर हमें नेताजी से जुड़े स्थल भी देखने को मिलते हैं। नेताजी भारत के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक रहे हैं। नेताजी ने युवाओं का आह्वान करते हुए देश की आजादी की लड़ाई को प्रखरता के साथ बढ़ाने का कार्य किया। सीएम योगी ने यह बातें मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद बोस की जयंती पर कहीं। उन्होंने परिवर्तन चौक स्थित नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। सीएम ने कहा कि नेताजी ने आजाद हिंद फौज का गठन किया। उन्होंने नौजवानों का आह्वान किया- तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। देश की आजादी के इस मंत्र की बदौलत लाखों युवा सर्वस्व न्योछावर करने को तैयार हो गए। युवा व हर भारतवासी आजाद हिंद फौज के नेतृत्व में लड़ी जाने वाली लड़ाई का हिस्सा बना। नेताजी ने न केवल भारत, बल्कि म्यांमार, सिंगापुर समेत दुनिया के अनेक देशों में इस लड़ाई को प्रखरता के साथ बढ़ाने का कार्य भी किया। यही कारण है कि हर भारतवासी नेताजी के प्रति श्रद्धा व सम्मान का भाव रखता है।

सीएम ने कहा कि सौभाग्य है कि पीएम नरेंद्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पावन जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में आयोजित करने और साप्ताहिक आयोजन को इससे जोड़ने का कार्यक्रम बनाया है। नेताजी भारत के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक रहे हैं। उन्होंने युवाओं को भारत के पराक्रम से जोड़ने का कार्य किया है। आज जब 127वीं पावन जयंती पर उन्हें स्मरण कर रहे हैं तो आंतरिक व बाहरी सुरक्षा की रणनीति क्या होनी चाहिए, इन स्थितियों में अब हमारे सामने सक्षम भारत है। पूरी दुनिया नए भारत को देख रही है। भारत वर्ल्ड पावर के रूप में स्थापित हो रहा है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत की वर्तमान स्थिति को पराक्रमी भारत के माध्यम से बढ़ने के प्रेरणास्रोत हैं। सीएम ने प्रदेश के युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि मातृभूमि के लिए जो भी कर पाएंगे, वह कम होगा।

आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है कि हर व्यक्ति कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करे। यही नेताजी के प्रति सच्ची श्रद्धा व सम्मान होगा। कर्तव्यों के प्रति हमें आग्रही होना पड़ेगा, तभी पराक्रमी भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के रूप में स्थापित कर पाएंगे। सीएम ने विश्वास जताया कि हमारे युवा नेता जी के आदर्शों का अनुसरण करेंगे। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, मोहसिन रजा, एमएलसी इंजी. अवनीश सिंह, बुक्कल नवाब, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम आदि मौजूद रहे।

### शेयर बाजार धड़ाम; सेंसेक्स 1053 अंक टूटा, निफ्टी 21250 से नीचे, आठ लाख करोड़ स्वाहा

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में मंथली एक्सपायरी और बजट से पहले मंगलवार को बड़ी मुनाफावसूली दिखी और बेंचमार्क इंडेक्स धड़ाम हो गए। सेंसेक्स और निफ्टी मंगलवार की सुबह मजबूत शुरूआत बावजूद गिरकर लाल निशान पर बंद हुए। मंगलवार को सेंसेक्स 1,053.10 अंकों यानी 1.47% की गिरावट के साथ 70,370.55 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 333.00 अंक या 1.54% टूटकर 21,238.80 के स्तर पर बंद हुआ। मंगलवार के कारोबारी सेशन के दौरान बाजार में बैंकिंग, मेटल, रियल्टी और मीडिया सेक्टर में जमकर बिकवाली देखी गई। एकमात्र फार्मा सेक्टर के शेयरों में खरीदारी दिखी पर इससे बाजार मजबूती हासिल नहीं कर पाया और आखिरकार लाल निशान पर ही बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार मंगलवार की गिरावट के दौरान निवेशकों को करीब आठ लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। भारतीय शेयर बाजार के हॉन्गकॉन्ग को पछाड़कर दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार बनने के ठीक बाद बाजार में यह बड़ी बिकवाली आई। इस दौरान शेयर बाजार के मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स लगभग 3% तक फिसले।

## देश को 2024 में फिर से पीएम मोदी की जरूरत, जेपी नड्डा बोले- कांग्रेस ने सिर्फ वोटबैंक की राजनीति की

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल के साथ गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान जेपी नड्डा ने कहा कि मुझे विश्वास है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में हम न सिर्फ जीतेंगे बल्कि पहले से ज्यादा सीटें भी हासिल करेंगे। गुजरात में हम सभी 26 सीटें जीतेंगे। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद में गांधीनगर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र कार्यालय का उद्घाटन करना गुजरात के सभी हिस्सों में विकास सुनिश्चित करने की हमारी पार्टी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम गुजरात को प्रथम रखना चाहते हैं और पीएम मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हम भारत को प्रथम बनाना चाहते हैं!



नड्डा ने कहा कि इस देश के सांस्कृतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक और राजनीतिक विरासत में गुजरात प्रदेश का एक अनूठा योगदान है। आजादी की लड़ाई से लेकर आजाद भारत में भी गुजरात का एक विशेष योगदान रहा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का संबंध भी गुजरात के पोरबंदर से था। वहीं, इस देश को एक सूत्र में पिरोने का काम सरदार वल्लभ भाई पटेल ने किया। उन्होंने कहा कि आज विकसित भारत को आगे बढ़ाने का काम, सक्षम बनाने का काम, स्वाभिमान से ओत-प्रोत बनाने का काम, देश की विरासत को स्वाभिमान से आगे बढ़ाने का काम... अगर किसी ने किया है तो इस देश के सपूत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मोदी जी ने देश की राजनीति की संस्कृति को बदल डाला है, क्योंकि 70 साल तक कांग्रेस पार्टी ने राजनीति जाति के आधार पर की।

भाई को भाई से बांटकर की, सिर्फ वोटबैंक की राजनीति की। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने कहा कि भारत में सिर्फ 4 जातियां हैं- गरीब, युवा, किसान और महिलाएं। जबकि कांग्रेस ने वोटबैंक के लिए जातियों में बांट दिया था। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जी के नेतृत्व में भारत तेज गति से विकास कर रहा है। 2014 में अर्थव्यवस्था में हम 11वें नंबर पर थे, आज हम ब्रिटेन को पछाड़कर 5वें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गए हैं। नड्डा ने कहा कि हमारी सरकार की पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, एक ऐसी योजना जिसका कांग्रेस पार्टी ने मजाक उड़ाया था, आईएमएफ जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा इसकी सराहना की जा रही है। कांग्रेस ने आरोप लगाने और चिल्लाने के अलावा कुछ नहीं किया और केवल भाजपा ने ही सही मायने में विकास सुनिश्चित किया है। आज, लगभग 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन मिल रहा है, और 'अंत्योदय' को एक मिशन और विजन के रूप में, भारत अभूतपूर्व परिवर्तन देख रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे में हमारे देश को 2024 में फिर से पीएम मोदी की जरूरत है! इस प्रकार, हमारे देश को 2024 में फिर से भाजपा की आवश्यकता है! यदि हम 2047 तक 'विकसित भारत' के निर्माण के सपने को साकार करना चाहते हैं, तो हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि 2024 में 'कमल' फिर से खिले!

## बरसों की तपस्या हुई पूरी : रमेश जी



प्रखर वाराणसी। अयोध्या में भगवान राम के बाल रूप विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होने के पश्चात काशी में भगवान राम के आराध्य बाबा विश्वनाथ धाम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश जी के द्वारा पूजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्षों की तपस्या आज पूरी हुई। अनगिनत कारसेवकों का बलिदान आज सार्थक हुआ। लगभग 500 वर्षों के बाद श्रीरामलला आज अयोध्या में विराजमान हो गए। यह पूरे राष्ट्र के लिए शुभ संकेत है क्योंकि प्रभु श्रीराम पूरे राष्ट्र के हैं।उन्होंने आगे कहा आज केवल श्री राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा नहीं अपितु भारत की जगतगुरू के रूप में प्रतिष्ठा है।अब अपना राष्ट्र रामोत्सव से राष्ट्रोत्सव की ओर बढ़ा है भक्ति और श्रद्धा का सैलाब उमड़ा है। बता दे की राम मंदिर निर्माण के लिए अर्पण निधि में भी काशी प्रांत के द्वारा प्रदेश में सबसे ज्यादा निधि का अर्पण कराया गया था। इसके साथ ही काशी प्रांत के लगभग 5 लाख कार्यकर्ता करोड़ घरों में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण लेकर गए थे। राम मंदिर में भगवान राम के बाल विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूरे देश में दिवाली जैसा माहौल बना हुआ है। बाबा विश्वनाथ धाम में इस अवसर पर राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, विधायक नीलकंठ तिवारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## असम में बुरे फंसे राहुल गांधी, मुख्यमंत्री हिमंता ने डीजीपी से एफआईआर दर्ज करने को कहा

गुवाहाटी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा असम के गुवाहाटी पहुंच गया है। मंगलवार को यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हो गई। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। माना जा रहा है कि राहुल गांधी को शहर में यात्रा करने की इजाजत नही मिली जिससे कांग्रेस कार्यकताओं और पुलिस में झड़प शुरू हो गई। इस बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने झड़प को लेकर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की और असम के डीजीपी को निर्देश जारी किए है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने X (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, 'ये असमिया संस्कृति का हिस्सा नहीं हैं। हम एक शांतिपूर्ण राज्य हैं। ऐसी "नक्सली रणनीति" हमारी संस्कृति से पूरी तरह अलग हैं। मैंने असम पुलिस के डीजीप को भीड़ को उकसाने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज करने और अपने हैंडल पर पोस्ट किए गए फुटेज को सबूत के रूप में उपयोग करने का निर्देश दिया है। राहुल गांधी के अनियंत्रित व्यवहार और सहमत दिशानिर्देशों के उल्लंघन के परिणामस्वरूप अब गुवाहाटी में बड़े पैमाने पर ट्रैफिक जाम हो गया है।' दरअसल, भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास भद्रावती वेंकट ने झड़प की एक वीडियो



सोशल मीडिया 'X' पर शेयर की जिसमें उन्होंने लिखा, 'राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को एक बार फिर से बैरिकेडिंग लगाकर रोकने की साजिश हुई है, लेकिन हम ये अब होने नही देंगे। जितनी लाठियां चलानी है चलाओ। ये जंग अब जारी रहेगी।' इस वीडियो पर ही असम के मुख्यमंत्री सरमा ने रीट्वीट कर डीजीपी को राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए है।

## प्राण प्रतिष्ठा के बाद माहौल बिगाड़ने की कोशिश, अराजक तत्वों ने किया राम पताका का अपमान, गांव में तनाव

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर के कटरा थाना क्षेत्र के बतलैया गांव में श्रीराम शोभायात्रा निकलने के बाद सोमवार रात कुछ अराजकतत्वों ने गांव में लगी राम पताकाओं को निकालकर जहां-तहां फेंक दिया। मंगलवार सुबह जानकारी होने पर गांव में तनाव फैल गया। दो पक्षों में टकराव की आशंका पर एसडीएम और सीओ समेत भारी पुलिस बल गांव पहुंच गया। किसी तरह लोगों को शांत कराया।



बाद में 100 से ज्यादा लोग कटरा थाने पहुंच गए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री सुरेश कुमार पप्पू शर्मा ने कटरा थाने में तहरीर देकर बताया कि अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर गांव बतलैया में ग्रामीणों ने शोभायात्रा निकाली थी। गांव में सजावट की गई थी। बिजली के खंभों पर राम पताकाओं को लगाया गया। शोभायात्रा के बाद गांव में रहने वाले दूसरे समुदाय के कुछ अराजकतत्वों ने राम पताकाओं को निकाल कर फेंक दिया। पताकाओं का अपमान किया गया। मंगलवार सुबह जब लोग जागे तो गली में पताकाएं पड़ीं तो आक्रोश फैल गया। सुबह करीब 11 बजे गांव से 100 से अधिक लोग कटरा थाने पहुंचे। उन्होंने आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग उठाई। एसडीएम अंजलि गंगवार और एसपी ग्रामीण मनोज कुमार अवस्थी ने आक्रोशित लोगों को समझाकर शांत किया। लोग आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर रोड जाम करने की चेतावनी दे रहे थे। पुलिस ने तज्जू, अजमल, मोहम्मद शहीद, इकबाल ठेकेदार, इकबाल के बेटे शहनवाज और 10-12 अज्ञात लोगों के खिलाफ सद्भाव बिगाड़ने और धार्मिक प्रतीकों का अपमान करने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसपी ग्रामीण मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। सुरक्षा की दृष्टि से गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है।

## लखनऊ से 80 व अन्य जिलों से अयोध्या आ रही दर्जनों बसों का संचालन रद्द




प्रखर अयोध्या। अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा हो गई है। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस प्रशासन के साथ-साथ जिला प्रशासन के भी पसीने छूट चुके हैं। राम जन्म भूमि के बाहर रामपथ पर कई किलोमीटर लंबी लाइन लग गई। अयोध्या के जिला अधिकारी ने बाराबंकी के डीएम से संपर्क कर अयोध्या आने वाली बसों को रोकने का निर्देश दिया। वहीं बाराबंकी के डीएम ने रोडवेज से अयोध्या रोड की बसों को लखनऊ से रोकने की बात कही इसके अलावा अन्य जिलों से भी आ रही बसों को रोक दिया गया। बताया जा रहा है कि लखनऊ से ही करीब 80 बेसो का संचालन रद्द कर दिया गया है। इसके अलावा अयोध्या में प्रवेश करने वाले अन्य वाहनों को भी रोका गया है। बेसो के लखनऊ में रोकने के कारण ट्रेन से यहां आकर बस से अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की परेशानी बढ़ गई है। दरअसल तीन दिन बाद आम लोगो के लिए रामलला के दर्शन खोले गए थे, इसीलिए अचानक भीड़ बढ़ने से स्थिति कंट्रोल से बाहर हो रही है। प्रशासन द्वारा कहा जा रहा है कि भीड़ कंट्रोल होने के बाद ही बसों का संचालन हो सकेगा।

## प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले दिन भक्तों की भारी भीड़, लोगों को संभालने को प्रशासन को करनी पड़ी कड़ी मशक्कत

अयोध्या। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अगले दिन मंगलवार को इतनी भारी संख्या में रामभक्तों का जमावड़ा होने लगा कि प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए और लोगों को संभालने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इससे मंदिर परिसर के नजदीक धक्कामुक्की भी हुई जिससे प्रशासन को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा है। मंगलवार को आधी रात से ही मंदिर के बाहर भक्तों की भीड़ एकत्र होने लगी और सुबह होते-होते और बढ़ गई जिससे प्रशासन की सांसे फूलने लगीं। इस दौरान कई श्रद्धालुओं को चोट भी आई।



हालांकि, इस दौरान लोगों का कहना था कि वो दर्शन करने के बाद ही वापस लौटकर जाएंगे। राम मंदिर के उद्घाटन के बाद मंगलवार को आम लोगों के लिए जब पहली बार मंदिर खुला तो आस्था का रेला उमड़ पड़ा। सुबह 4:00 बजे से ही श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए राम जन्मभूमि पर पहुंच गए थे। राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि मंदिर सुबह 6:30 बजे आरती के बाद खोला गया जैसे ही मंदिर खुला दर्शन के लिए भक्त उमड़ पड़े। बड़ी संख्या में भक्त रामलला के दर्शन के लिए दो तीन दिनों से रुके हुए थे। भीड़ को देखते हुए दोपहर में मंदिर एक घंटा पहले ही खोल दिया गया। पहली पाली में ही 50 हजार से अधिक भक्त दर्शन कर चुके हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ ने प्रशासन को हलकान कर दिया है। इस दौरान कुछ लोग जमीन पर भी गिर गए। जवानों ने उन्हें खींचकर बाहर निकाला। कुछ लोगों को चोट भी लगी। राम मंदिर में दर्शन का समय बढ़ा दिया गया है फिर भी भक्तों का जमावड़ा नियंत्रित नहीं किया जा सका है। राममंदिर के बाहर श्रद्धालुओं व पुलिस बल के बीच धक्कामुक्की भी हुई।

## गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होंगे भारतीय-नेपाली मूल के फ्रांसीसी सैनिक, महिला शक्ति पर जोर

नई दिल्ली। भारतीय सेना के मेजर जनरल सुमित मेहता ने मंगलवार को गणतंत्र दिवस परेड के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहली बार सभी महिला सैनिकों वाली सैन्य टुकड़ी कर्तव्य पथ पर मार्च करेगी। मेजर जनरल सुमित मेहता ने बताया कि इस बार गणतंत्र दिवस परेड पूरी तरह से महिला केंद्रित होगी और इसकी थीम 'विकसित भारत' और 'भारत-लोकतंत्र की मातृका' होगी। मेजर जनरल सुमित मेहता ने बताया कि परेड 26 जनवरी को सुबह साढ़े दस बजे से विजय चौक से कर्तव्य पथ पर होगी। परेड के कमांडर दिल्ली के एरिया कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल भवनीश कुमार होंगे। पहली बार परेड में सभी महिला सैनिकों वाली सैन्य टुकड़ी शामिल होगी, जिसमें तीनों सेनाओं की महिला सैनिक शामिल होंगी। इस टुकड़ी में आर्मी की मिलिट्री पुलिस की सैनिक और वायुसेना और नौसेना की महिला सैन्य कर्मियों को शामिल किया गया है। सुमित मेहता ने बताया कि परेड में परमवीर चक्र विजेता कैप्टन योगेंद्र यादव और सूबेदार मेजर संजय कुमार भी शामिल




होंगे। गणतंत्र दिवस परेड में फ्रांस की सैन्य टुकड़ी भी शिरकत करेगी। इस टुकड़ी की खास बात ये होगी कि इसमें भारतीय और नेपाल मूल के फ्रांसीसी सैनिक शामिल होंगे। साथ ही फ्रांस के दो राफेल एयरक्राफ्ट और एक रिफ्यूल एयरक्राफ्ट फ्लाईपोस्ट करेंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां गणतंत्र दिवस परेड में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

## संपादकीय

### प्राण-प्रतिष्ठा

निश्चित रूप से अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर में गरिमामय प्राण प्रतिष्ठा देश के धार्मिक-सांस्कृतिक इतिहास में एक युगांतरकारी घटना है। पांच सौ साल तक धैर्य से आंदोलनरत रहने के बाद जब यह दिन आया तो देश में उल्लास स्वाभाविक ही है। इस दिन को देखने की आस में कई पीढ़ियां इंतजार करके परलोक गमन कर गईं। दुनिया में यह अपने आप में शायद पहला उदाहरण होगा कि एक स्वतंत्र देश में अपने आराध्य के जन्मस्थान पर आस्थास्थल के निर्माण में पौन सदी तक कानूनी प्रक्रिया चली हो। फिर न्यायिक फैसले के अनुरूप ही धार्मिक स्थल का निर्माण सुनिश्चित हुआ हो। यही भारतीय समाज में गंगा-जमुनी संस्कृति की खूबसूरती है कि दोनों पक्षों ने न्यायालय के आदेश का सम्मान किया। निस्संदेह, भारतीय लोकजीवन में राम रचे-बसे हैं। भारतीय संस्कृति और अस्मिता के प्रतीक हैं। ऐसे प्रतीक जिससे बहुसंख्यक समाज ऊर्जा हासिल करता है। लोकव्यवहार में उनके आदर्शों की स्वीकार्यता इतनी अधिक है कि हर साल लोकमान्यताओं पर आधारित लीलाओं का मंचन रामलीला के रूप में किया जाता है। देश-देहात में जब अनजाने लोग भी मिल जाते हैं तो राम-राम कहकर अभिवादन करते हैं। ऐसे में अयोध्या में भव्य-दिव्य-नव्य राम मंदिर का एक संदेश यह भी है कि हम श्रीराम के आदर्शों व जीवन मूल्यों का अनुपालन अपने दैनिक जीवन में भी करें। कोशिश हो कि विविध संस्कृतियों वाले देश में राम की स्वीकार्यता को नया विस्तार मिले। साथ ही सत्ताधीश भी रामराज्य की अवधारणा को अपना आदर्श मानकर विभिन्न धर्मों व संस्कृतियों वाले देश में समरसता का समाज बनाने को प्रयासरत रहें। निस्संदेह, राम राजनीति के विषय नहीं हैं, राष्ट्रीय अस्मिता के प्रतीक हैं। हम न भूलें कि हमारा संविधान भी रामराज की अवधारणा की आकांक्षा रखता है। बीसवीं सदी में जब देश ने उपनिवेशवाद के खिलाफ लड़ाई जीतकर आजादी पाई तो स्वतंत्रता आंदोलन के नायकों ने देश में शासन में रामराज्य का आदर्श देखा था। उनके मन में रामराज्य की लोककल्याणकारी छवि केंद्रित थी। कह सकते हैं कि हमारे संविधान निमार्ताओं ने रामराज्य को एक समावेशी लोकतांत्रिक व्यवस्था के रूप में देखा। इसकी वजह है कि भारत एक बहुसांस्कृतिक व बहुधर्मी देश है। जिसके चलते भारतीय गणराज्य की कल्पना एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में की गई। महात्मा गांधी ने भी रामराज्य का सपना देखा था। ऐसा रामराज्य जिसमें पारदर्शिता के साथ वास्तविक सुशासन हो। एक आदर्श सुशासन की व्यवस्था ही उनके लिये सच्चा लोकतंत्र था। जिसमें राजा और रंक के समान अधिकार हों। उनकी दृष्टि में रामराज्य ममता समता का शासन था। सत्य और धर्म उसका आधार था। यद्यपि उनकी दृष्टि में राम-रहीम में कोई भेद नहीं था। बहरहाल, अब जब सदियों के विवाद का पटाक्षेप करके अयोध्या में राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्य विधिवत संपन्न हो गया है तो देश का ध्यान हमारे सामने मौजूद अन्य विकट चुनौतियों पर हो। यह खुशी की बात है कि देश दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। लेकिन हमें अब देश में व्याप्त बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक असमानता को दूर करने को अपनी प्राथमिकता बनाना होगा। वहीं अयोध्या में राममंदिर का बनना इस मायने में महत्वपूर्ण है कि धार्मिक पर्यटन से पूर्वी उत्तर प्रदेश में रोजगार के तमाम नये अवसर मिलेंगे। देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश को धार्मिक पर्यटन से आर्थिक लाभ होगा। काशी विश्वनाथ तीर्थ के कायाकल्प के बाद अयोध्या में संरचनात्मक विकास को नये आयाम मिले हैं। हवाई अड्डे, सरयू में नौकायन और फॉर लेन सड़कों के निर्माण से आर्थिक विकास को गति मिलेगी। लेकिन ध्यान रहे कि अब आज के केवट व सबरी के घर भी आर्थिक विकास की रोशनी पहुंचे। राम-रहीम की गंगा जमुनी संस्कृति को संवारा जाए। अमृतकाल का अमृत समाज के अंतिम व्यक्ति तक भी पहुंचे। सही मायनों में रामराज्य की वास्तविक अवधारणा साकार रूप ले। सत्ताधीश राजनीतिक और सामाजिक जीवन में मयार्दा की भी प्रतिष्ठा करें। उसमें श्रीराम के समावेशी दृष्टिकोण की आभा नजर आए। जिसमें केवट, शबरी, निषादराज, जटायु, सुग्रीव आदि को भी न्याय मिले।

### बाड़बंदी कितनी व्यावहारिक

म्यांमार में सैन्य शासकों और सशस्त्र विद्रोही समूहों के बीच संघर्ष तेज होने का परिणाम वहां से भारत की सीमा में आ रहे शरणार्थियों की बढ़ती संख्या के रूप में सामने आ रहा है। मिजोरम सरकार के अनुरोध पर पिछले हफ्ते आए 276 सैनिकों को वापस म्यांमार भेजने की प्रक्रिया चल रही है। इस बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि म्यांमार से लगती सीमा पर बाड़ लगाई जाएगी और दोनों देशों के बीच जारी फ्री मूवमेंट रिजीम को समाप्त किया जाएगा। म्यांमार में सिविल वॉर के हालात बनने की शुरूआत फरवरी 2021 में मानी जा सकती है, जब वहां की सेना ने लोकतांत्रिक सरकार का तख्तापलट करते हुए जबरन सत्ता पर कब्जा कर लिया था। हालात बिगड़ने शुरू हुए पिछले साल अक्टूबर से, जब वहां के तीन अल्पसंख्यक जनजातीय समूहों के विद्रोहियों ने मिलकर सेना पर हमले शुरू कर दिए। इसके बाद संघर्ष तेज होता गया और बड़ी संख्या में आम लोग जान बचाने के लिए सीमा पार कर मणिपुर और मिजोरम जैसे सीमा से लगते राज्यों में आने लगे। विद्रोही सैनिकों के कैंप पर कब्जा जमा लेने के बाद सेना के जवान और अफसर भी सीमा पार कर भारत आ जाते हैं। नवंबर से अब तक म्यांमार के 635 सैनिक भारत आ चुके हैं, जिनमें से अधिकतर को वापस भेजा जा चुका है। मगर आम शरणार्थियों की संख्या बहुत ज्यादा है। सिर्फ मिजोरम में करीब 30,000 रिफ्यूजी कैंपों में रह रहे हैं। जाहिर है, भारत सरकार इस हालात में मूकदर्शक बनी बैठी नहीं रह सकती। जैसी स्थितियां म्यांमार में बन गई हैं, उनके मद्देनजर माना जा रहा है कि वहां की सैन्य सरकार अब तक की सबसे गंभीर चुनौती से जूझ रही है। लेकिन यह म्यांमार की आतंरिक समस्या है। केंद्रीय गृहमंत्री के बयान का एक सीधा मतलब यह भी है कि भारत सरकार पड़ोसी देश के आंतरिक मामले में किसी तरह का दखल नहीं देना चाहती। सिर्फ बढ़ते शरणार्थियों की समस्या से निजात पाना चाहती है। मगर यह सवाल बना हुआ है कि क्या सीमा पर बाड़ लगाने का फैसला व्यावहारिक साबित होगा। म्यांमार के साथ भारत की सीमा न केवल लंबी (1643 किलोमीटर) है और भारत के चार राज्यों झ्र अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, निजोरम और मणिपुर से लगती है बल्कि पहाड़ी इलाकों से होकर गुजरती है। इसके अलावा सीमा के दोनों तरफ रहने वाली आबादी के बीच गहरे सामाजिक, आर्थिक रिश्ते भी हैं। स्थानीय स्तर पर इस फैसला का विरोध भी हो सकता है जिसका कुछ संकेत मिजोरम के मुख्यमंत्री के बयान से मिलता है। उन्होंने यह कहते हुए इस फैसले से खुद को अलग किया है कि वह इससे सहमत नहीं हैं, लेकिन इसे रोकना उनके हाथ में नहीं है। बहरहाल, उम्मीद की जाए कि भारत सरकार इस मामले में सभी पहलुओं पर गौर करते हुए सावधानी से आगे बढ़ेगी।

# धर्मनिरपेक्षता , समाजवाद और साम्राज्यवाद का प्रखर विरोध नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के व्यक्तित्व का सारतत्व था

उत्कट देशभक्त, उच्च मेधाशक्ति सम्पन्न, स्वामी विवेकानन्द के आध्यात्मिक शिष्य, भारत में योजना आयोग के जन्मदाता (fathr of plallanig comission) और विशुद्ध लूट-खसोट पर आधारित ब्रिटिश साम्राज्यवाद के प्रखर विरोधी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्वाधीनता आंदोलन में भाग लेने वाले महानायको में अग्रिम कतार में स्मरण किए जाते हैं। भारत के महान स्वाधीनता आंदोलन में उनकी भूमिका, योगदान, महत्व और प्रभाव को कभी भुलाया नहीं जा सकता हैं। उनके द्वारा दिया गया " जय हिन्द " का नारा आपसी अभिवादन और उद्बोधन के साथ -साथ हर हिन्दुस्तानी की जुबान पर आज भी सर्वाधिक लोकप्रिय और प्रचलित नारा है। बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि, गम्भीर उत्कट देशभक्ति और भारत सहित तीसरी दुनिया का निर्ममता से शोषण करने वाले निर्लज्ज ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध तीक्ष्ण और प्रखर विरोध नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के व्यक्तित्व का सारतत्व था। अपने आरम्भिक शैक्षणिक जीवन से लेकर कोलकाता विश्वविद्यालय में अध्ययन तक एक विद्यार्थी के रूप उन्होंने विलक्षण प्रतिभा का परिचय दिया था। नेताजी जितने विलक्षण प्रतिभाशाली और कुशाग्र बुद्धि थे उतना ही उनके अंदर अपनी मातृभूमि और मानवता के लिए उत्सर्ग और आत्मत्याग की प्रबल और प्रखर भावना थी। 1920 मे उस समय लंदन में आयोजित होने वाली भारतीय असैनिक सेवा की परीक्षा में चतुर्थ स्थान प्राप्त कर अपनी मेधाशक्ति का अहसास ब्रिट्रिश साम्राज्य के नीति निमार्ताओं तक को भी कराया था। जो भारतीय असैनिक सेवा उस दौर में भी पढने-लिखने वाले लाखों करोड़ों नौजवानो का स्वर्गजात सपना हुआ करती थी उसमें चतुर्थ स्थान प्राप्त कर अपनी मातृभूमि की सेवा के लिए एक झटके में ठोकर मार देना उनके आत्मत्याग और उत्सर्ग की अद्वितीय मिसाल है।

मूलतः बंगाल से प्रज्वलित राष्ट्रवाद की दीपशिखा से प्रदीप्त नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने अपनी मातृभूमि के लिए आत्म-त्याग , साहस और संघर्ष करने की प्रेरणा ,समझदारी और चेतना महर्षि अरविंद घोष , स्वामी दयानन्द सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के महान विचारों से ग्रहण किया था । उनके अंदर राष्ट्र आराधना के लिए एक एक सच्चे सन्यासी की तरह कष्ट सहन की अपरिमित क्षमता थी। स्वाधीनता संग्राम के दौरान बाल गंगाधर तिलक को छोड़ कर अन्य किसी नेता ने उतना कष्ट सहन नहीं किया जितना नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने सहन किया । अंग्रेजी सरकार द्वारा उन्हें नाना प्रकार की शारीरिक और मानसिक यातनाऐं दी गई। उन्हें दस बार कारागार में डाला गया और कुल उन्होंने आठ वर्ष तक जेल की यातनाओ से भरी जिंदगी गुजर-बसर की। भारतीय स्वाधीनता के आदर्शों, मूल्यों और सिद्धांतों में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की गहन और गम्भीर आस्था निष्ठा थी। इन आदर्शों, मूल्यों और सिद्धांतों का साक्षात्कार करने के लिए एक ईमानदार

**23 जनवरी जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

विद्यार्थी और भागीरथ सरीखे कर्मयोगी की तरह साधना किया था । भारतीय स्वाधीनता में गहन और गम्भीर आस्था निष्ठा रखने वाले और उसके लिए साहसिक प्रयास करने वाले नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को समझौतावादी रवैया कभी पसंद नहीं था और वह प्रवृति से विद्रोही थे। इसीलिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का समुचित आदर करते हुए महात्मा गांधी सहित समस्त सत्याग्रहियों के विचारों के मुखर विरोधी थे और कांग्रेस में रहते हुए वे कांग्रेस के वामपंथी विचारधारा की पृष्ठभूमि वाले नेताओं के समर्थन में खड़े रहे। सुभाष चन्द्र बोस ने कोलकाता तथा कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में दर्शन शास्त्र का अध्ययन किया था ।23 जनवरी 1897 को कटक में पैदा सुभाष चन्द्र बोस हुए अरविंद घोष , दयानन्द सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के दार्शनिक एवम आध्यात्मिक विचारों से अनुप्राणित थे। चितरंजन दास को अपना राजनीतिक मार्गदर्शक मानने वाले सुभाष चन्द्र बोस का भारतीय स्वाधीनता संग्राम के इतिहास में मूल्यांकन एक राजनीतिक दार्शनिक और सिद्धांतकार के रूप नहीं किया जाता हैं। इतिहास में उनके सम्पूर्ण व्यक्तित्व का प्रक्षेपण स्वाधीनता के लिए उनके साहसिक प्रयास तथा नेतृत्व के सर्वोत्कृष्ट गुणों से परिपूर्ण राजनीतिक क्रियाकलापो के आधार पर हुआ। प्रकारांतर से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्वाधीनता के उत्साही प्रचारक, अटल अडिग उत्कट संघर्षकर्ता, स्वराज के लिए निर्भिक योद्धा, महान कुशल वक्ता, युद्ध भूमि में सर्वश्रेष्ठ रणनीति तैयार करने वाले पराक्रम से परिपूर्ण सेनापति और भारतीय जनमानस में अकल्पनीय जोश उत्पन्न करने की प्रतिभा रखने वाले क्रांतिकारी नेता थे। इन्हीं गुणों के




कारण नेताजी दो बार 1938 और 1939 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए।

निश्चित रूप से नेताजी दार्शनिक और सिद्धांतकार के बजाय एक प्रबल और प्रबुद्ध कर्मयोगी थें ।परन्तु उनकी दूर दृष्टि और दूरदर्शिता अद्वितीय थीं । स्वाधीनता उपरांत भारत के पुनर्निर्माण और विकास की महायात्रा जिस नियोजित अर्थ व्यवस्था के सिद्धांत के आधार पर सुनिश्चित की गई, भारत में उस नियोजित अर्थव्यवस्था का विचार नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के मस्तिष्क की उपज थी । इसीलिए भारत में सुभाष चन्द्र बोस को योजना आयोग और नियोजित अर्थतंत्र का जनक माना जाता हैं। यह सर्वविदित तथ्य हैं कि- योजना आयोग द्वारा संचालित विविध पंचवर्षीय योजनाओं के बल पर ही हमारे देश ने कृषि से लेकर अंतरिक्ष के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त की है। जिस तरह महात्मा गांधी शास्त्रीय अर्थ में सिद्धांतकार और राजनीतिक विचारक नहीं नहीं थे उसी तरह सुभाष चन्द्र बोस भी सिद्धांतकार और राजनीतिक विचारक नहीं थे । परन्तु स्वाधीनता संग्राम के दौरान संघर्ष की अनुभूतियो और राजनीतिक स्वतंत्रता से साक्षात्कार करने के कारण उनकी पुस्तक ' द इण्डियन स्ट्रगल ' में उनकी गम्भीर विश्लेषणात्मक बुद्धि और मौलिक चिंतन का समन्वय स्पष्टतः परिलक्षित होता हैं। देश के सर्वोच्च और सर्वस्व न्योछावर करने की तमन्ना रखने वाले कुशाग्र बुद्धि नेताजी की राजनीतिक ख्याति उस समय बढ गई जब 1935 के भारत शासन अधिनियम में प्रस्तावित संघीय योजना की स्वीकृति का विरोध करने वाली शक्तियों का नेतृत्व किया। तबसे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस महात्मा गाँधी के समानान्तर भारतीय राजनीति में एक करिश्माई और लोकप्रिय नेता के रूप में स्थापित होने लगें।

नेताजी उस समय अपने राजनीतिक उत्कर्ष के शिखर पर पहुंच गये जब 1939 के कांग्रेस अधिवेशन में गांधी जी द्वारा समर्थित और कांग्रेस के दक्षिणपंथी प्रत्याशी डॉ पट्टाभि सीतारामय्या को परास्त कर कांग्रेस के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। बचपन से ही विद्रोही प्रवृति और स्वाभिमान की चेतना से ओतप्रोत नेताजी को कांग्रेस की आंतरिक गुटबाजी ,अत्यधिक तनाव और दबाव मे काम करन रास नहीं आया और अध्यक्ष पद से उन्होने त्यागपत्र दे दिया। 1939 में फॉरवर्ड ब्लॉक नामक नया दल बनाकर एक नया राजनीतिक प्रयास तथा प्रयोग किया। परन्तु अपेक्षित परिणाम नहीं मिला और वह 1940 मे ब्रिट्रिश साम्राज्य के विरुद्ध सामरिक संघर्ष के तौर-तरीकों पर रणनीति बनाने की दृष्टि गुप्त रूप से देश छोड़कर चले गये। इस दौरान उनका देश छोड़कर पेशावर और काबुल होते हुए जर्मनी पहुंचना एक वीर योद्धा की रोमांचित कर देने वाली साहसिक कहानी है। बर्लिन पहुंच कर नेताजी ने ब्रिटिश साम्राज्यवाद की दमनकारी और मानवता विरोधी नीतियों के विरुद्ध व्यापक प्रचार अभियान चलाया। जून-जुलाई 1943 में जापान पहुंच कर उन्होंने आजाद हिन्द फौज के स्थापना की घोषणा की। 21 अक्तूबर 1943 को बोस ने स्वतंत्र भारत की अस्थायी सरकार की स्थापना की। जिसे इतिहास में आजाद हिंद सरकार के नाम से जाना जाता है। इसके उपरांत ब्रिट्रेन और फ्रांस के नेतृत्व द्वितीय विश्वयुद्ध में भाग मित्रराष्ट्रो की सेनाओं के विरुद्ध वीरतापूर्ण अभियान चलाया और भारतीय भू-भाग में प्रवेश करने में भी सफलता प्राप्त की। विशुद्ध राजनीतिक औजारों से स्वाधीनता के लिए संघर्ष करने वाले सुभाष चन्द्र 1943 के उपरांत सशस्त्र संघर्ष द्वारा आजादी प्राप्त करने की चाहत रखने वाले महायोद्धा बन गए । बोस के राजनीतिक जीवन में यह संक्रमण एक इतिहास के विद्यार्थी के लिए अत्यंत रोचक है । जो व्यक्ति एक समय स्वराज दल का सदस्य का सक्रिय सदस्य था वह देश की स्वाधीनता के लिए आजाद हिन्द फौज का महासेनायक बन गया। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस यथार्थवादी दृष्टिकोण के राजनीतिज्ञ थे इसलिए वह गांधी जी की नैतिक और आदर्शवादी राजनीति से असहमत थे । नेताजी समझौतापरस्त और सौदेबाजी की राजनीति के भी खिलाफ थे। उनका विचार था कि- समझौते और सौदेबाजी में शक्तिशाली व्यक्ति का पलडा भारी रहता हैं। इसीलिए गांधी जी ने 1931 में लंदन में आयोजित द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में जिस उदारता और खुले मन से रखा उससे नेताजी सुभाष खुश नहीं थे। बोस ने लिखा है कि- यदि महात्मा जी अधिनायक स्टालिन, ड्यूस मुसोलिनी अथवा फ्यूरर हिटलर की भाषा में बोलते तो अंग्रेज उनकी बात को समझते और श्रद्धा से सिर झुका लेते। देश के महान स्वाधीनता संग्राम सेनानी, महानायक और महायोद्धा को उनकी जयंती पर पूरा देश पूरी श्रद्धा से नमन कर रहा है।

**मनोज कुमार सिंह प्रवक्ता**
**लेखक/ साहित्यकार/उप-सम्पादक**
**कर्मश्री मासिक**

# वैश्विक संस्कृति व समाज में राम युगबोध

लोक जीवन का राग श्रीराम से युक्त है। श्रीराम का आचरण व संस्कार सनातन से लोगो का जीवन प्रकाशित करता रहा है। राम नाम के रस में ही भारत की सभी विधाएं संपृक्त है। भारतीय लोक काव्य व लोक आचरण राम कथा से प्रवाहित है। राम कथा की दृष्टि में मानव जीवन के समग्र विकास का संदेश निहित है। राम के जीवन की कथा में भारत की भौगोलिक एकता ध्वनित होती है तथा इस देश की सभी प्रमुख भाषाओं में राम के जीवन को रचा बसा गया,जिनके प्रचार-प्रसार के कारण भारतीय संस्कृति की एकरूपता बढ़ी है। राम के जीवन की यह कथा इतनी प्रेरक रही कि समूचा देश एक ही आदर्श की ओर उन्मुख रहा और भारत सहित सुवर्णदेश,सिंहल, तिब्बत,वर्मा और कश्मीर आदि क्षेत्रों में प्रचलित राम काव्यों को यदि समाहित कर दे, तो यह दर्शित होता है कि राम कथा एशियाई संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग है।

भारतीय संस्कृति में राम उन मूल्यों के प्रतिमान है जिन आदर्शो ने भारत के लोक मानस की आचरण व मानसिकता को रचा बसा है। वे मयार्दा पुरूषोत्तम राम कहे जाते है अर्थात मनुष्य के गुणो की मयार्दा का अपने कृतित्व में अनुपालन करने वाले सर्वश्रेष्ठ व्यक्तित्व है। राम के चरित्र में-एक पुत्र, भाई, पिता, पति, शिष्य, अयोध्या नरेश आदि भूमिकाओं में उन्होंने सर्वश्रेष्ठ पदीय आदर्शो का पालन किया है। राम और सीता का प्रेम अद्वितीय है। यही समपर्ण से भरपूर प्रेम हमारी संस्कृति का एक ऐसा मूल्य है जो आज भी पति और पत्नी को एकात्म रखता है। राम के जीवन दर्शन का सबसे बड़ी विशेषता उनका लोकोन्मुख होना है। राम के सम्पूर्ण जीवन दर्शन यात्रा का उद्देश्य लोक मंगल के लिए एक आदर्श प्रतिमान खड़ा करना है। वाल्मीकि रचित रामायण,राम कथा का सर्वाधिक प्राचीन ग्रन्थ है। इसी आदि ग्रन्थ पर तुलसीदास की रामचरितमानस आधारित है। दक्षिण पूर्व एशिया विशेषकर अंगकोरवाट के मन्दिर सहित रामायण के प्रसंगो का अंकन व उत्कीर्णन है। दक्षिण भारत के मन्दिरों की संरणि हो या उत्तर भारत के विशाल क्षेत्र में फैले हुए मन्दिरों में राम कथा के विभिन्न प्रसंगो का अंकन दृग्दर्शित होता है। प्राचीन भारतीय मृण्मूर्ति कला में भी रामायण के प्रसंगो को समाहित किया गया है। गुप्त कालीन कानपुर




के भीतर गॉव के ईट मन्दिर में भी टेराकोटा की राम व लक्ष्मण की वनवासी रूप मुद्रा को दशार्या गया है। दोनो के हाथों में धनुष बाण लिए हुए है। गुप्त कालीन वास्तुकला का सर्वोत्कृष्ट रचना ललितपुर देवगढ़ के दशावतार मन्दिर एवं चालुक्यों के पट्टदकल, हम्पी, एलोरा के कैलाश मन्दिर पर भी राम कथा का प्रसंग जीवंत है। राम और उनकी जीवन यात्रा के विविध रूपों का अंकन पाषाण धातु,हाथीदॉत एवं अनेक शिल्प कलाओं में निहित है। भारतीय चित्र कला में भी रामायण के विविध रूपक को संजोया गया है। पहाड़ो में कॉगड़ा, बसोहली, चम्बा, मण्डी, नूरपुर और बिलासपुर पहाड़ी शैलियों के प्रमुख केन्द्रों में रामायण प्रसंग के चित्रों का अंकन है।

वैदिक वांगमयो, रामायण, महाभारत, बौद्ध व जैन, लौकिक व अलौकिक साहित्यों में भी राम कथा का मिलता है। वैदेशिक साहित्यों में खोतान, काशगर, मध्यएशिया, चीन सहित दक्षिण पूर्व एशिया में राम कथा के विभिन्न रूपको का अंकन मिलता है। भारत के आंचलिक सभी लोक भाषाओं-भोजपुरी, बघेली, तमिल, तेलगु, छत्तीसगढ़ी, असमिया, उड़िया, बंगला, मराठी, गुजराती, राजस्थानी, देववाणी सहित लगभग 22 भाषाओं के साहित्य में राम कथा का अंकन है।

आदिवासी जनजीवन व साहित्य में राम कथा का आदर्श वर्णन है। जनजाति जीवन आचरण में राम के वनवासी जीवन की सदृष्यता है। राम कथा का लोक विस्तार सार्वभौमिक व सनातन है। राष्ट्र की एकता हेतु भी राम का आदर्श दर्पण है। छत्तीसगढ़ के वास्तु कला में माता कौशल्या का मन्दिर विशिष्ट है। रामलीला के मंचन में कलाकारों व दर्शको का ऐसा सम्मोहन होता है जैसे प्रतीत होता है,कि रामराज्य है।

राम समग्रता के परिचायक है वे लोक कल्याण के लिए समर्पित व प्रतिबद्ध है। तुलसी के राम युगो-युगो से आदर्श रहे और लोक जीवन में इतने घुले मिले है कि राम के बिना हम अपने अस्तित्व व आधार की कल्पना भी नही कर सकते। भारत का राग-रस-अनुराग,गीत संगीत सब राममय है। भारतीय जनमानस के विविध क्षेत्रों समाजिक,सांस्कृतिक, कला व साहित्य में अंकित राम कथा सदियों से सभी को प्रेरित व मार्गदर्शित करता रहा है। निःसंदेह राम कथा की उपादेयता व प्रासंगिकता सार्वभौमिक व सार्वकालिक जनमानस के सम्पूर्णता हेतु प्रेरक प्रसंग है।

**संप्रति:-**
**डॉ0 पंकज कुमार**
**(लेखक व विशेषज्ञ)**
**जिला सूचनाधिकारी, भदोही (उप्र.)**
**चलभाष: 9453464077**

# श्री राम जन्मभूमि अयोध्या के नवनिर्मित भव्य मंदिर में भगवान श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में निकाली गई शोभायात्रा

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर रघुनाथ नगर महमूरगंज मे श्री राम जन्मभूमि अयोध्या के नवनिर्मित भव्य मंदिर में भगवान श्री राम लला जी के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा यात्रा मन्दिर प्रांगण से निकलकर तुलसीपुर, महमूरगंज , श्रृंगेरी मठ तक गई शोभायात्रा यात्रा में सैंकड़ों की संख्या में महिलाएं, बच्चे,नौजवान सम्मिलित रहे जो हाथों में श्रीराम का पताका,घण्टा,शंख लेकर रामनाम का उद्घोष करते हुए चल रहे थे शोभायात्रा के बाद मन्दिर प्रांगण में भारत विकास परिषद महिला शाखा द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ व रामकिर्तन के साथ साथ प्रियांशी श्रीवास्तव द्वारा आज मिथिला नगरिया बेहाल सखियां पर मनमोहक नृत्य भी प्रस्तुत किया किया गया` इस अवसर पर साधना फाउण्डेशन के



सौरभ मौर्या द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जहां 51 सदस्यों ने रक्तदान किया रक्तदान शिविर में दान दाताओं की काफी भीड़ लगी थी` कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक कैण्ट सौरभ श्रीवास्तव, आशुतोष सिन्हा सदस्य विधान परिषद स्नातक क्षेत्र वाराणसी आर पी कुशवाहा दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री, अनिल श्रीवास्तव वरिष्ठ इं कां नेता,शशिकान्त श्रीवास्तव स्पेशल जुडिशियल मजिस्ट्रेट (कैनाल) मनोज श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष विश्व हिन्दू महासंघ उपस्थित रहे` मन्दिर के महन्त प्रवीण तिवारी ने बताया कि रामजन्म भूमि आन्दोलन में इस मन्दिर में सैकड़ों की संख्या में कारसेवकों को गोपनीय तरीके से रखा गया था और उनकी सुरक्षा और भोजन व्यवस्था स्थानीय लोगों में राजेश श्रीवास्तव गुड्डू के संरक्षण में किया गया था जिससे स्थानीय लोगों में बड़े हर्षोल्लास का माहौल रहा और जय श्री राम का नारा लगाते रहे` मन्दिर में अयोध्या से प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देखने की भी ब्यवस्था की गई थी` गीत संगीत के कार्यक्रम के पश्चात सायं हनुमान चालीसा पाठ के साथ भव्य आरती पण्डित बलराम तिवारी द्वारा श्री राम जानकी दरबार की की गई और प्रसाद वितरण व भण्डारा किया गया` कार्यक्रम में मुख्य रूप से डा.एस बी सिंह, डा. एन के सिंह ,शशि श्रीवास्तव, रश्मि लखानी,अरविन्द रस्तोगी, कामिनी श्रीवास्तव, केशव प्रसाद, उमेश श्रीवास्तव, नीरु श्रीवास्तव, श्वेता कुशवाहा, दुर्गा देवी, ज्योति श्रीवास्तव, दिव्य प्रताप सिंह, रोहित कपूर,राम दुलारे उपाध्याय, विनय मिश्रा, प्रदीप जायसवाल, बीना दवे, प्रकाश टंडन, ऊषा जैन रीता जायसवाल, उपस्थित रहे।

## आगामी लोक सभा निर्वाचन की तैयारियों के संबन्ध मे जिलाधिकारी ने की प्रेसवार्ता

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारियों के सम्बंध में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली की विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम एवम निर्वाचक नामावली के अन्तिम प्रकाशन की तिथि के निर्धारण के संबंध में प्रेस वार्ता अयोजित हुई। प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि दिनांक 01 जनवरी, 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर जनपद में अवस्थित समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र यथा 373-जखनियां (अ0जा0), 374-सैदपुर (अ0जा०), 375--गाजीपुर, 376- जंगीपुर, 377- जहूराबाद, 378 - मोहम्मदाबाद एवं 379 - जमानियां की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन दिनांक 23 जनवरी, 2024 को समस्त मतदेय स्थलों पर कर दिया गया है। अन्तिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली दिनांक 23 जनवरी, 2024 से निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, सम्बन्धित तहसील कार्यालयों एवं मतदेय, स्थलों पर जन सामान्य के अवलोकनार्थ निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। विधानसभावार निर्वाचक नामावलियों में जखनियॉ में कुल 453211 मतदाता, सैदपुर में कुल 414232, गाजीपुर-376449, जंगीपुर में कुल-385381, 377- जहूराबाद में कल-421518, मोहम्मदाबाद में कुल-438940 एवं जमानियां विधानसभा में कुल 438940 मतदाता है। अन्तिम प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार जनपद में अवस्थित समस्त विधानसभाओं में कुल 29,23,032 मतदाता पंजीकृत है, जिसमें 15,41,992 पुरुष मतदाता, 13,80,955 महिला मतदाता एवं 85 थर्ड जेण्डर मतदाता हैं। दिनांक 27.10.2023 से 07.01.2024 तक चले इस पुनरीक्षण कार्यक्रम में कुल 2,32,035 दावे/आपत्तियां प्राप्त किये गये जिसमें से फार्म 6 146090, फार्म-7 66991 एवं फार्म-8 18954 प्राप्त हुये दावे/आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त फार्म-6 (परिवर्धन) 1,45,423 (पुरूष - 64,003, महिला - 81,413 थर्ड जेण्डर - 07), फार्म- 7 (अपमार्जन) 60,102, फार्म 8 (संशोधन) 18, 111 स्वीकार किये गये।

## एनसीसी कैडेट्स और स्काउट गाइड के बच्चो द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर यातायात नियमों का पालन हेतु किया गया जागरुक

प्रखर संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी यातायात दीपांशी राठौर के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात परमहंस द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति आमजनमानस में यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु हीरालाल इंटर कॉलेज, खलीलाबाद से मधुकुंज तक एनसीसी कैडेट्स और स्काउट गाइड व राजकीय कन्या इंटर कॉलेज के बच्चो द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया साथ ही नियमो के पालन हेतु



शपथ दिलाई गई तथा यातायात जागरुकता के नियमों के बारें में जागरुक करते हुए दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने के साथ लोगों से अपील किया गया की वे अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेल्मेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने की भी अपील की गयी । । इस दौरान एआरटीओ प्रियम्बदा सिंह, प्रधानाध्यापक रामकुमार सिंह, चौकी प्रभारी गोला बाजार मनीष कुमार जायसवाल सहित अन्य अधिकारी तथा कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे ।

## राम लला के प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर मंदिर परिवार ने जलाए 11 हजार दीप मंदिर प्रांगण जगमगा उठा

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। अयोध्या मे रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के औसर पर सोमवार को अन्नपूर्णा मंदिर मे प्रातः सुंदर काण्ड का पाठ के साथ हवन 151 बटुको द्वार संपन्न हुआ वही सायंकाल दीपोत्सव में 11 हजार दिए जलाए गए` सुबह से ही मंदिर में आने वाले सभी दर्शनार्थियो को हलुवा लड्डू का वितरण किया गया जो देर शाम तक चलता रहा` मध्याह्न भोग आरती के बाद आम भक्तो के लिए शाम तक भोग भंडारा चला जिसमे साधु संत समेत सैकड़ों भक्तो ने माता की राशोई में प्रशाद



पाया` रामोत्स्व मनाने में विशेष सहयोग रहा प्रदीप श्रीवास्तव, धीरेन्द्र सिंह, राकेश तोमर समेत मंदिर परिवार रहा।

# देश को भाजपा की मजहबी फितरतों से बचने की जरूरत : गोपाल यादव

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मंगलवार को समाजवादी पार्टी के नवनामित जिला उपाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव और उपेन्द्र यादव तथा जिला सचिव जयराम यादव का स्वागत समारोह जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय समता भवन पर आयोजित हुआ। इस समारोह में सभी कार्यकताओं ने नवमनोनीत पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। अपने स्वागत से अभिभूत पदाधिकारियों ने कार्यकताओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पार्टी को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने नवनामित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि मुल्क आज भाजपा सरकार की तानाशाही नीतियों और साम्प्रदायिक सोच के चलते खतरे में है। लगातार बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के चलते देशवासी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विरोधी दलों के नेताओं के साथ बदले की भावना से काम कर रही है। भाजपा सरकार का यह तानाशाही रवैया लोकतंत्र के लिए



ठीक नहीं। उन्होंने कहा कि सत्ता स्थायी नहीं होती लेकिन भाजपा को यह गलतफहमी हो गयी है कि वह हमेशा सत्ता में बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनहित के सवाल हल न कर केवल विरोधी दलों के नेताओं को परेशान करने में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने में अंधी हो चुकी भाजपा सरकार जनता के मुंह के निवाले और हाथ से काम छिन रही हैं ।भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और अन्याय चरम सीमा पर है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। सबसे ज्यादा महिला उत्पीड़न उत्तर प्रदेश में हो रहा है। पुलिस हिरासत में मौतें सबसे ज्यादा भाजपा सरकार में हो रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से किसान, नौजवान, व्यापारी, महिला सभी परेशान हैं। मंहगाई, बेरोजगारी बेलगाम है। स्वास्थ्य सेवाएं चौपट हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त करने और स्वतंत्रता आंदोलन के मूल्यों को जीवित रखने की आवश्यकता है। लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी कोई भी कुबार्नी देने के लिए हमेशा तैयार है। पुर्व जिलाध्यक्ष रामधारी यादव ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि आज संघर्ष का दौर है। गले में पड़ रही माला हमें सम्मानित तो करती ही है लेकिन इसके साथ साथ जनता के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का भी एहसास दिलाती है। उन्होंने कहा कि आज संघर्ष का दौर है। इस देश की जनता जब लगातार बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून व्यवस्था के चलते त्राहि-त्राहि कर रही है ऐसे दौर में हमें जनता के हक और हकूक और उसके सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए संघर्ष के मैदान में कूदना पड़ेगा । उन्होंने भाजपा सरकार की नापाक साजिशों और फितरतों से सावधान रहने की हिदायत देते हुए कहा कि आज रोजगार न मिलने और लगातार मंहगी होती शिक्षा से छात्र और नौजवान अथाह पीड़ा में हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नौजवानों को नौकरी देना ही नहीं चाहती। छात्र और नौजवान अपनी बढ़ती उम्र और रोजगार न मिलने की दशा में बहुत चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि जिस देश का किसान और नौजवान दुखी और निराश होगा? वह देश कभी तरक्की नहीं कर सकता। उन्होंने सभी? किसानों और नौजवानो से भाजपा सरकार के खिलाफ लामबंद होने का आह्वान किया और कहा कि देश हित में भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करना जरूरी है।

## समता बिंद को अपनादल एस की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाएं जाने पर हुआ स्वागत



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। समता बिंद एडवोकेट को अपना दल एस के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महिला मंच बनाए जाने पर जिला अध्यक्ष लल्लन गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा माला पहनकर और लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का चित्र भेट स्वागत किया। समता विन्द एडवोकेट ने कहा कि मुझे पार्टी के द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महिला मंच बनाए जाने पर मै राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के साथ ही सभी लोगों का आभार व्यक्त करती हूं ।साथ ही आप लोगों को वचन देता हूं कि मैं अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी व लगन से करूंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करें रहे डॉक्टर दीनानाथ यादव ने कहा की समता विन्द को विरासत व वरासत में गरीबी व मलजुम की मदद करना उन्हें न्याय, हक व अधिकार दिलाना मिला है। इनको पार्टी द्वारा जो दायित्व सौंपा गया उसमें हम सभी लोग इनका सहयोग करेंगे ।साथ ही जंगीपुर से आएं नागेंद्रनाथ गुप्ता ने कहा कि सत्ता में भागीदारी के लिए हमें संगठित होकर साथ देना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन रविंद्र चक्रवर्ती ने किया। समशाद अंसारी, गुड़िया पटेल, अजय कुमार पांडेय, सुनील मद्धेशिया, सुरेंद्र कुमार, विनोद गुप्ता, बृजेश पटेल, नागेंद्र नाथ गुप्ता, रितेश पटेल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर मुख्य रूप से एजाज अंसारी, प्रीति गुप्ता एडवोकेट, ममता गुप्ता, ममता भारती, विधि कुमार, ललमुनि, इन्दु, चंपा ,अमृता अभय, चंदा, विनय कुशवाहा, गोलू बासफोर इत्यादि उपस्थित रहे।

## 24 जनवरी को रायफल क्लब में मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस रायफल क्लब परिसर में दिनांक 24 जनवरी, 2024 को अयोजित किया जाना है। इस कार्यक्रम में सरकार की महत्वपूर्ण एवं लाभकारी योजनाओं का विभिन्न विभागो द्वारा प्रदर्शनी तथा स्टाल लगायी जायेगी। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील है कि जो व्यक्ति लाभ एवं सरकारी योजनाओं से वंचित है वे इस प्रदर्शनी में पहुचकर योजना से लाभान्वित हो। इसके अतिरिक्त समस्त जनपदस्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश दिवस-2024, राष्ट्रीय मतदाता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत दिनांक 22 से 26 जनवरी, 2024 तक समस्त सरकारी कार्यालयों तहसील, ब्लाक स्तर पर साफ-सफाई, रंगाई-पुताई व कार्यालयों को विशेष रूप से सजाते हुए लाइंटिग आदि का कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे।




## अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर में मंदिर घरों में पूजे गए श्रीराम

प्रखर वाराणसी। रामनगर में अयोध्या में हो रहे भगवान श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर नगर के मंदिरों पर दिप दान भजन कीर्तन के साथ साथ प्रसाद स्वरूप लड्डू का वितरण तथा छ्एऊ के माध्यम से सीधा प्रसारण दिखाया गया सोमवार को जहां राम लला के प्राणप्रतिष्ठा का उत्सव पूरे नगर में श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वहीं पंचवटी रोड स्थित रोमा बिल्डिंग उमा निलयम का प्रांगण पूरी तरह राममय हो गया है प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सजीव प्रसारण बड़ी एल ईं डी डिस्प्ले लगाकर किया गया सुंदर कांड एवम भजन किर्तन का कार्यक्रम सुबह से ही चल रहा था इस अवसर पर सर्वेन्द्र विक्रम सिंह,सतेंद्र सिंह पिंटू,डा राकेश सिंह,प्रीतम अग्रहरि ,सहित अपारमेंट के सैकड़ो की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे।

## कांग्रेस अल्पसंखयक ने राज्यपाल को लिखा पत्र, मजदूरों को इसराइल ना भेजने का किया अनुरोध

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम के निर्देश पर वाराणसी कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की ओर से अपर जिलाधिकारी नगर अशोक वर्मा के जरिए महामहिम राज्यपाल महोदय को संबोधित पत्र दिया ` इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव हसन मेहंदी कब्बन ने कहा कि युद्ध ग्रस्त इजराइल सरकार द्वारा निर्माण कार्य के लिए भारत के मजदूरों की मांग की गई है जिससे उत्तर प्रदेश सरकार ने 10 हजार मजदूरों को इजराइल भेजने का लक्ष्य रखा है। यह पूरी कवायद शर्मनाक तो है ही साथ ही अपने देश के नागरिकों कि जान जोखिम में डालना होगा ` अल्पसंख्यक कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष अब्दुल हमीद टुडे ने कहा कि फिलिस्तीन के बीच अभी भी युद्ध चल रहा है यह एक व्यापक दीर्घकालिक युद्ध बनता चला जा रहा है देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु ने भरत एक खोज में कहा था कि भारत माता कोई और नहीं इस देश की आवाम है पत्र के माध्यम से महामहिम राज्यपाल महोदय से इस प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की अपील की` प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस अल्पांख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव हसन मेहंदी कब्बन अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुनीर सिद्दीकी, अल्पसंख्यक कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष अब्दुल हमीद डोडे, लक्ष्मेश्वर नाथ शर्मा, तहसीन खान,जमशेद आलम रईस अहमद, हसीन अख्तर मुख्य थे।



# सड़क हादसे में व्यापार मंडल अध्यक्ष के पत्नी की दर्दनाक मौत, व्यापारियों ने दुकानें रखी बंद

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। नगर पंचायत बृजमनगंज बीती रात कस्बे के ब्यापार मंडल अध्यक्ष किशन जायसवाल उर्फ मंटू का सड़क दुर्घटना में भीषण एक्सीडेंट हो जाने से इस दुर्घटना में उनकी पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई तथा कार में सवार दो बच्चों सहित तीन हुए घायल। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार रात लगभग 10 बजे किशन जायसवाल अपने ससुराल नौतनवा से पत्नी तथा दो बच्चों के साथ कार से अपने घर बृजमनगंज आ रहे थे। घने कोहरे के कारण कोल्हई थाना क्षेत्र के सोनचिरैया पेट्रोल पंप के समीप बीच सड़क मे खडी ट्रक से भीषण टक्कर हो जाने से कार ट्रक के अंदर जा घुसी कार के परखच्चे उड़ गए।उनकी पत्नी रंजीता जायसवाल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई तथा किशन जायसवाल पुत्री लाडो,राहुल गौड़ तीन घायल हो गए। सूचना मिलते ही कोल्हई थाना क्षेत्र की पुलिस ने घटना स्थल पर




पहुंच शव को कार निकाल देर रात पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा घायलों को इलाज के लिए सिद्धार्थ नगर जिला अस्पताल पहुंचने पर वहां से गोरखपुर रेफर किया गया जहां दोनों बच्चों का इलाज चल रहा है।जिसनें भी इस ह्रदय विदारक घटना को सूना सन्न रह गया।पूरे कस्बे में शोक की लहर फैल गई।इस दुखद पर शोक व्यक्त करते हुए चेयरमैन राकेश जायसवाल ने कस्बे के ब्यापारियों से दुकान बंद रखने की अपील की।कस्बे के छोटे बडे दुकानदारों ने अपनी दुकान देर शाम तक बंद रखा।घटना की सूचना पर भाजपा के पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह किशन जायसवाल के घर पहुंच शोक संवेदना व्यक्त की। बृजमनगंज थानाध्यक्ष श्याम सुंदर तिवारी ने इस घटना पर गहरा दुख ब्यक्त किया।ब्यापार मंडल विधानसभा अध्यक्ष आशीष जायसवाल ने भी ब्यापारियों से दुकान बंद रखने का निवेदन किया।शोक संवेदना मे बाजार बंद सफल रहा।ब्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुरेश रुंगठा जिला महामंत्री प्रमोद जायसवाल फरेंदा विधानसभा उपाध्यक्ष जगदम्बा जायसवाल महामंत्री गौरव जायसवाल, ईओ सुरभि मिश्रा, वर्तमान विधायक प्रतिनिधि अजय चौधरी,सपा नेता दिलीप चौधरी, सपा नेता विनोद जायसवाल, अजय शंकर सिंह, हीरालाल जायसवाल, अशोक पटवा, बबलू चौरसिया, सभासद मनोज जायसवाल, रवि यादव, जेपी गौड़, जितेंद्र भारती सहित क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों एवं ब्यापारी बंधुओं ने शोक व्यक्त किया।

## 1100 दीप से जगमगाया राम जानकी मंदिर



प्रखर जौनपुर। महराजगंज क्षेत्र के महराजगंज पुरानी बाजार में स्थित प्राचीन राम जानकी मंदिर पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं प्रसाद वितरण एवम मंगलवार के दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया,जहां हजारों की संख्या में राम भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया पूरे देश में भगवान रामचंद्र की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जगह-जगह राम भक्तों द्वारा आयोजन किया गया वहीं बाजार के मध्य स्थित प्राचीन राम जानकी मंदिर पर बाजार वासियों तथा मंदिर के संरक्षक बद्री पाण्डेय,पं. अमर नाथ पाण्डेय, सूर्यमणि पाण्डेय एवं बाजार वासियो द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया वही मंदिर कार्यक्रम व्यवस्थापक अमित पाण्डेय ने बताया कि मंदिर के अगल-बगल बाजार वासियो द्वारा सहयोग करते हुए 1100 दीपक जलाकर प्रधानमंत्री के आवाहन पर दीपावली मनाई गई।इस अवसर पर स्वामी श्याम महराज, डॉ.अतुल कुमार दुबे, राजेंद्र मिश्रा, सुभाष मिश्रा, जगदीश उपाध्याय, सुरेंद्र तिवारी, नागेंद्र मिश्र,श्याम मिश्रा,पंकज उपाध्याय, दीपक मिश्रा,राजकमल मिश्रा, राम पांडे, रमेश मिश्रा, अमरपाल तिवारी, निलेश मिश्रा, पंकज उपाध्याय, राजेश पांडे आदि उपस्थित रहे।

# नंन्दगंज पुलिस ने किया रामविलास कन्नौजिया की हत्या में वांछित 4 अभियुक्तो को गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को उप निरीक्षक संजय कुमार यादव मय हमराह, देखभाल क्षेत्र में मामूर होकर बन्तरा पुल हाईवे के पास संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान मखबिरी सूचना के आधार पर दिनांक 18 जनवरी की सुबह समय करीब 07.00 बजे रेवसा हाईवे के पास मृतक रामविलास कन्नौजिया नामक व्यक्ति की मारपीट कर हत्या करने वाले अभियुक्तगण चीनी मिल मन्दिर के पास इकठ्ठा है। जिसमे दो मोटर साईकिल से कुल 5 व्यक्ति मौजूद है। यदि जल्दी किया जाए तो मौके पर ही पकड़े जा सकते है । इस सूचना पर पुलिस बल के साथ उनके करीब पहुँचे ही थे कि पाँचों व्यक्ति पुलिस वालों को देखकर भागने का प्रयास किये परन्तु पुलिस बल द्वारा हिकमत अमली से मौके से चार व्यक्तियों को घेर-घारकर पकड़ लिया गया तथा एक व्यक्ति कोहरा व झाड का फायदा उठाकर भाग गया। गिरफ्तार अभियुकगण के पास से एक रक्त रंजित चारपाई की बाँस की पाटी, एक बास की लाठी, 6 मोबाईल फोन व 02 मोटर साईकिल पैशन प्रो जिसका नम्बर यूपी 61एडी0839 व हिरो एच0एफ0 डिलक्स नम्बर यूपी 61के6987 व एक अदद देशी तमंचा .315 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तो के विरुद्ध मु0अ0सं0 12/2024 मे धारा 304,34 भा0द0वि0 3/25 आर्म्स एक्ट में पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ पर पकड़े गये व्यक्तियों से घटना के सम्बन्ध में पूछताछ किया गया तो बताये कि छठ त्यौहार के दिन मुझे मेरे गाँव के रामविलास कन्नौजिया के दरवाजे पर गाँव के पासी बिरादरी के लड़को द्वारा मारा पीटा गया था, उस समय मौके पर रामविलास कन्नौजिया भी मौजूद था लेकिन उसने मुझे उन लोगों से नहीं बचाया था। मुझे उस समय ऐसा लगा था कि यह मारपीट की घटना राम विलास कन्नौजिया ने ही करवाया था, तभी से मैं बदला लेने के लिए अपने दोस्तों से वार्ता कर रहा था। तभी से हम लोग राम विलास को मारने के लिए प्लान बना रहे थे लेकिन सही समय नहीं मिल पा रहा था, 17 जनवरी को मै अपने मशीन पर मछली बनाया था वही पर हम पांचो लोग पूर्व योजना के अनुसार अपने दोस्तो को दावत दिया था। वहीं पर खाने पीने के बाद योजना बनायी गयी थी कि प्रातः राम विलास कन्नौजिया सब्जी बेचने के लिए अकेले मोटर साइकिल से नन्दगंज मण्डी जायेगा, उसी समय उसका काम तमाम कर दिया जायेगा ।सभी लोग तैयार हो गये और अगले दिन दिनांक 18 जनवरी को समय प्रातः करीब 7.30 बजे के आस-पास में हमारे यही दोस्त अखिलेश विश्वकर्मा, दीपक यादव, गोलू यादव उर्फ रमन यादव व भागा हुआ दोस्त जशवन्त उर्फ प्रदुम्न यादव पुत्र संजय यादव नि0 ग्राम मठिया चाड़ीपुर थाना करण्डा गाजीपुर थे। मैं तथा अखिलेश विश्वकर्मा अपने मोटरसाईकिल से तथा गोलू यादव, दीपक यादव तथा यशवन्त उर्फ प्रदुम्न यादव दूसरे मोटर साइकिल से थे । योजना के अनुसार हम सभी लोग रेवसा कट हाइवे के पास रुककर राम विलाश कन्नौजिया पुत्र हीरा कन्नौजिया के आने का इन्तजार करने लगे कि जैसे ही राम विलाश कन्नौजिया अपने गाँव की तरफ से हाइवे पर चढ़ा मेरे साथी अखिलेश विश्वकर्मा व दीपक यादव ने उसकी मो0सा0 का हैण्डिल पकड़कर रोक दिये तथा जशवन्त उर्फ प्रदुम्न यादव नें उसका हाथ पकड़ लिया, तभी मैं चारपाई की पाटी जिसे मैं अपने मशीन पर से ही साथ में लाया था, उसी से उसके सर पर ताबरतोड़ मार दिया तथा मेरा साथी गोलू यादव उर्फ रमन यादव भी बांस के डण्डे से मारा पीटा था । जब रामविलास कन्नौजिया लहू लोहान होकर जमीन पर गिर गया तो हम सभी पांचों लोग मौके से भाग गये थे। गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण सतीश उर्फ कल्लू कन्नौजिया पुत्र सुन्दर कन्नौजिया नि0 ग्राम रेवसा थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर उम्र करीब 20 वर्ष, अखिलेश विश्वकर्मा पुत्र चंद्रिका विश्वकर्मा निवासी ग्राम कान्धरपुर थाना नोनहरा गाजीपुर हाल पता ग्राम रेवसा थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर उम्र करीब 19 वर्ष, गोलू यादव उर्फ रमन यादव पुत्र स्व0 दयानन्द यादव नि0ग्राम अतरसुआ थाना नन्दगंज जिला गाजीपुर उम्र करीब 22 वर्ष, दीपक यादव पुत्र बीरजू यादव निवासी ग्राम अन्धऊ थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर उम्र करीब 20 वर्ष। जबकि यशवन्त उर्फ प्रदुम्मन यादव पुत्र संजय यादव निवासी मठिया चाँडीपुर थाना करण्डा जनपद गाजीपुर उम्र करीब 24 वर्ष मौके पर भाग लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह थानाध्यक्ष नंन्दगंज, उप निरीक्षक रामआश्रय राय प्रभारी स्वाट व सर्विलांस मय टीम जनपद गाजीपुर शामिल रहे।




## संक्षिप्त खबरें

### उमरा के लिये गए डॉ आबिद खान, जियारत मुक्कमल करने के लिए मांगी दुआयें



प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। कस्बा के प्रतिष्ठित विद्यालयों में शुमार मॉडर्न कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक डॉ मोहम्मद आबिद खान मक्का मदीना के पवित्र सरजमी पर उमरा करने के लिए गए हैं। शिक्षा के साथ ही विभिन्न सामाजिक कार्यों में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाने वाले डॉ मोहम्मद आबिद खान के इबादत और जियारत मुकम्मल करने के लिए मंगलवार को विद्यालय परिसर में कस्बे के प्रबुद्ध नागरिक और विद्यालय के लोगों की उपस्थिति में बैठक हुई। जिसमें मुल्क में अमन चैन सौहार्द कायम रखने और समाज के सभी वर्ग के लोगों की भलाई के लिए दुआएं मांगी गई। अपने बेहतर कार्यों के लिए कई पुरस्कार प्राप्त कर चुके डॉ आबिद खान कस्बा के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ मोहम्मद राशिद के बेटे हैं। उनके बड़े पिता डॉ मोहम्मद ओसामा, चाचा मोहम्मद ताहिर, इंतेखाब अहमद, सरफराज खान, मोहम्मद राशिद समेत नगरवासियों ने उनके लिए दुआएं मांगी हैं।

### जगद्गुरु रामानन्दाचार्य का 724 वाँ प्राकट्य महोत्सव व श्रीराम कथा 25 से 2 फरवरी तक, महोत्सव में भाग लेंगे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। कलिपावनावतार श्रीमद् जगद्गुरू रामानन्दाचार्य जी महाराज का 724 वाँ प्राकट्य महोत्सव व नवदिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन 25 जनवरी से 2 फरवरी 2024 तक श्रीराम मन्दिर गुरुधाम में किया गया है इस महोत्सव के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे। यह जानकारी श्रीरामानन्द विश्वहितकारिणी परिषद के संस्थापक व कथा व्यास श्रीमद् जगद्गुरू अनन्तानन्द द्वाराचार्य काशीपीठाधीश्वर स्वामी डॉ. रामकमलदास वेदान्ती जी महाराज ने 23 जनवरी 2024 मंगलवार को गुरुधाम स्थित श्रीराम मन्दिर में मीडिया से बातचीत के दौरान दी। पूज्य स्वामी वेदान्ती जी ने बताया कि 14 वीं सदी में अवतरित हुए श्रीमद् जगद्गुरू रामानन्दाचार्य जी महाराज ने तत्कालीन जीर्ण- शीर्ण हो रहे हिन्दू धर्म और बिखरते व टूटते आर्यावर्त भारत को संभालने के लिए जो अविस्मरणीय कार्य किए थे आज उन्हीं का परिणाम है कि हमारा देश भारत जगद्गुरू रामानन्दाचार्य जी के परमाराध्य प्रभु श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा श्रीरामजन्म भूमि अयोध्या में स्थापित कर पुनः तरूणाई की उमंग भर रहा है। सनातन धर्म को चलाने का एकमात्र उपाय हिन्दुओं के अंदर से ऊँच-नीच, छुआ-छूत व भेद- भाव रहित समाज का निर्माण करना ही है इस कार्य की शुरूआत श्रीमद् जगद्गुरू रामानन्दाचार्य ने सभी जातियों के 'लोगों को अपना शिष्य बनाकर किया था उन्होंने श्री रविदास, कबीर साहब,धन्ना जाट, सैन्य नाई, पीपा भगत आदि को शिष्य बनाकर राम भक्ति के माध्यम से समरसता का विस्तार किया था। भेद-भाव रहित हिन्दू समाज में समरसता की स्थापना जगद् ?गुरू रामानन्दाचार्य जी के सिद्धान्तों को अपनाने से ही संभव है जगद् ?गुरू रामानन्दाचार्य जी का प्रादुर्भाव तीर्थराज प्रयाग में विक्रम संवत 1300 माध कृष्ण सप्तमी को हुआ था किन्तु उन्होंने वाराणसी से ही राम भक्ति का विस्तार सम्पूर्ण विश्व में किया। वाराणसी में आचार्य जी जयंती बड़े धूमधाम के साथ रामानन्दाचार्य जी के प्रथम शिष्य अनन्तानन्दाचार्य जी द्वारा स्थापित श्रीराम मन्दिर जनवरी से 25 जनवरी से 2 फरवरी 2024 तक अपराह्न 3 बजे से सायं 7 बजे तक मनाई जा रही जिसमें जगद्गुरू रामानन्दाचार्य जी के परमाराध्य भगवान राम की कथा का गायन अनन्तानन्दाचार्य पद प्रतिष्ठित स्वामी डॉ. रामकमल दास वेदान्ती जी महाराज करेंगे। जिसमें अमेरिका सहित कई देशों के भक्तगण एवं अयोध्या, मथुरा, काशी, चित्रकूट आदि के विभिन्न विद्वान व तपस्वीं संतों का भी पदार्पण हो रहा है इस नवदिवसीय जयंती महोत्सव में संस्कृत छात्रों की कई प्रतियोगितायें एवं सांस्कृति कार्यक्रमों के साथ-साथ विद्वत संगोष्ठी, कवि सम्मेलन, संत सम्मेलन व काशी की उभरती प्रतिभाओ के प्रोत्साहन हेतु उन्हें सम्मानित करने का भी कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में विशेष रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी जी महाराज सहित अन्यान्य राजनैतिक हस्तियों का भी समागमन होगा।

### श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा पर होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर आयोजित



प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। अयोध्या धाम में श्री राम मंदिर बनने एवं भगवान पुरुषोत्तम राम की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर श्री हरे कृष्ण ज्वेलर्स की ओर से सुंदरपुर स्थित होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल में किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन` उक्त अवसर पर प्रतिष्ठान के लगभग 100 कर्मचारियों नें रक्तदान हेतु पंजीकरण कराया और फिटनेस टेस्ट में पास होने पर रक्तदान किया। उक्त अवसर पर प्रतिष्ठान के अधिष्ठाता एवं श्री काशी अग्रवाल समाज के सभापति संतोष कुमार अग्रवाल 'हरे कृष्ण ज्वेलर्स' नें कहा कि रक्तदान एक महादान जीवन दान है` आज का दिन सम्पूर्ण देशवासियों के लिए अत्यंत खुशी का दिन है और श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के दिन हम सबने प्रभु के पद चिन्हो पर चलकर त्याग और सेवा की भावना के साथ प्रण किया कि रक्तदान कर एक दूसरे के जीवन को बचाने में अपना योगदान दें` रामराज्य तभी आएगा जब हम अपने को त्याग और तपस्या से एक दूसरे के सहयोगी बनकर ईमानदारी से मददगार बने और दानपुण्य कर असहाय एवं जरुरतमंदो की सेवा में योगदान दें। रक्तदान की शुरूआत परिवारजनों से हुई जिसमें सर्वप्रथम प्रतिष्ठान की रुपिका अग्रवाल ,कोमल अग्रवाल नें रक्तदान किया` तत्पश्चात भेलूपुर, सुंदरपुर, लहुराबीर,अर्दली बाजार , पहड़िया एवं शिवपुर शाखा के कर्मचारियों नें रक्तदान किया। उक्त अवसर पर रंजना अग्रवाल, चेतन अग्रवाल, रौनक अग्रवाल मौजूद रहें।

### पिंपरी चिंचवड विश्वविद्यालय पुणे (महाराष्ट्र) के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले सम्मानित शिक्षाविद, प्रधानाचार्य व शिक्षकों का हुआ सम्मान

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। पिंपरी चिंचवड विश्वविद्यालय पुणे (महाराष्ट्र) के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले सम्मानित शिक्षाविद , प्रधानाचार्य व शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन अंधरापुल स्थित रेजेंसी होटल के सभागार में किया गया` इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि डॉ.विनोद कुमार राय (क्षेत्रीय सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद) व विशिष्ट तिथि नागेश्वर प्रताप सिंह (प्रबंधक घनश्याम सिंह पीजी कॉलेज) डॉ० हरेंद्र कुमार राय (पूर्व सदस्य माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड) डॉ.राजेंद्र प्रताप सिंह ,कमलेश झा (संयोजक शिक्षा प्रकोष्ठ) डा०प्रभाष ,डॉ० चारू चंद्र त्रिपाठी ,डॉ उमेश कुमार सिंह , डॉ० निशा यादव , डा० श्री प्रकाश सिंह ,डॉ० एस० पी०गौर ,संतोष कुमार सिंह काशी सयोदय के अध्यक्ष गणेश सहाय , GNIOT के एडवाइजर उमेश कुमार सिंह सहित शहर के विभिन्न विद्यालयों के सम्मानित प्रधानाचार्य शिक्षक बंधु का सम्मान इस विश्वविद्यालय के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षा के गौरव के रूप में डॉक्टर जय प्रकाश पांडे के निधन के उपलक्ष में शोकाकुल परिवार दो मिनट का मौन रखकर के उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया` इस दौरान इस विश्वविद्यालय के वरिष्ठ ट्रस्टी , मैनेजमेंट के सभी अध्यापकगण एवं सम्मानित साथी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीलंका में गोलीबारी की घटना, पांच की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका के दक्षिणी प्रांत बेलिएट्टा में सोमवार सुबह गोलीबारी की घटना में पांच लोगों की मौत हो गई। श्रीलंका पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि घटना दक्षिणी एक्सप्रेसवे पर बेलिएट्टा इंटरचेंज के पास हुई। गोलीबारी की घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। यह घटना उस समय घटी जब एक अज्ञात समूह ने जीप में सवार दूसरे समूह पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। पुलिस ने आशंका जताई है कि गोलीबारी की घटना को संगठित आपराधिक गिरोह के सदस्यों ने अंजाम दिया है।

### टेक्सास : गोलीबारी में तीन की मौत, दो घायल

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के टेक्सास प्रांत के ह्यूस्टन क्षेत्र में गोलीबारी की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। हैरिस काउंटी शेरिफ एड गोंजालेज ने बताया कि ह्यूस्टन के उपनगरीय कैटी में किराये के घर में 20 साल की उम्र के लगभग 10 से 20 लोग जमा थे। उनमें झगड़े के बाद गोलीबारी शुरू हो गई। हैरिस काउंटी शेरिफ कार्यालय के अनुसार एक पुरुष और एक महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और एक की अस्पताल में मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने कहा कि गोली लगने से घायल दो अन्य लोग बाद में अस्पताल में आए।

### ईरानी सैनिक ने साथी सैनिकों पर गोलियां चलाई, पांच की मौत

**तेहरान।** ईरान दक्षिणपूर्वी करमन शहर में एक सैनिक ने साथी सैनिकों पर गोलियां चला दी जिनमें से पांच की मौत हो गई। सरकारी टीवी ने बताया कि गोलीबारी तब हुई जब आरोपी सैनिक बैरक के शयनगृह में पहुंचा और वहां आराम कर रहे सैनिकों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। इस घटना के उद्देश्य का अब पता नही चला है और संदिग्ध फरार है। खबर में कहा गया है कि हमला राजधानी तेहरान से करीब 830 किलोमीटर दूर करमन में हुआ। करमन में इस महीने दो घातक विस्फोटों में 94 लोगों की मौत हो गई थी और सैकड़ों अन्य घायल हो गए थे।

### चीन के युन्नान में भूस्खलन, दो मरे, 47 दबे

**बीजिंग।** दक्षिण पश्चिम चीन के पर्वतीय प्रांत युन्नान में सोमवार को भूस्खलन में दो लोगों की मौत हो गई और 40 से अधिक अन्य लोग लापता हैं। हादसा बीजिंग के समयानुसार सुबह पांच बज कर 51 मिनट पर झाओतोंग शहर के लियांगशुई गांव में हुआ है। सरकारी टेलीविजन ने लिए तीसरे स्तर की आपात प्रतिक्रिया सक्रिय की है। आधिकारिक मीडिया के अनुसार भूस्खलन के बाद मलबे में दबे लोगों को बचाने के प्रयास किए जा रहे है। भूस्खलन के बाद लापता दो लोग मृत पाए गए है। बचाव अधिकारियों ने बताया कि 18 मकानों में दबे 47 पीड़ितों की तलाश की जा रही है।

### पाकिस्तान : मुकाबला पीएमएल-एन-पीटीआई के बीच

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने आखिरकार चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की बहुप्रतीक्षित सूची जारी कर दी है। ईसीपी ने उम्मीदवारी वापस लेने और उम्मीदवारों की संशोधित सूची के प्रकाशन की अंतिम तिथि 12 जनवरी तय की थी। हालांकि, मुकदमेबाजी के कारण इसमें देरी हुई। पीएमएल-एन के सर्वोच्च नेता नवाज शरीफ और पीटीआई के पूर्व प्रांतीय स्वास्थ्य मंत्री यास्मीन राशिद लाहौर के एनए-130 में 8 फरवरी को एक तीखी चुनावी लड़ाई में आमने-सामने होंगे।

# दुनियाभर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव



**वॉशिंगटन (भाषा)।** अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा का उत्सव मनाने राम भक्तों और भारतीय समुदाय के सदस्य न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित टाइम्स स्कवायर सहित दुनियाभर में विभिन्न स्थानों पर एकत्र होकर कार्यक्रमों का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों में प्रार्थना सभाएं, कार रैली और अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए।

अमेरिका में न्यूयॉर्क के टाइम्स स्कवायर पर बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के सदस्य एकत्र हुए। उन्होंने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखा। लोगों को पारंपरिक पोशाक पहने, नृत्य करते, भजन और अन्य गीत गाते देखा गया। वाशिंगटन में वर्जीनिया के फेयरफैक्स काउंटी में स्थित एसवी लोटस टेम्पल में सिख, मुस्लिम और पाकिस्तानी-अमेरिकी समुदाय के सदस्य भी इस समारोह में शामिल हुए। रविवार को हुए कार्यक्रम में 2,500 से ज्यादा लोग शामिल हुए। अमेरिकी शेयर बाजार 'नैस्डैक' की स्क्रीन पर भी राम मंदिर की तस्वीरें प्रदर्शित की गई। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न होने के तुरंत बाद वर्ल्ड हिंदू काउंसिल ऑफ अमेरिका और विश्व हिंदू परिषद ऑफ कनाडा ने दोनों देशों में एक हजार से अधिक मंदिरों के दर्शन के लिए 'राम मंदिर यात्रा' की घोषणा की। विहिप अमेरिका के अनुसार, यह यात्रा 25 मार्च को मैसाचुसेट्स के बिलेरिका में ओम हिंदू केंद्र से शुरू होगी, जिसमें श्री राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की मूर्तियां सजे-धजे वाहन पर होंगी। अमेरिका और कनाडा में होने वाली इस महत्वाकांक्षी यात्रा को 45 दिनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

**अमेरिका से लेकर मॉरीशस तक कार्यक्रमों की धूम**

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर त्रिनिदाद और टोबैगो में हजारों की संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल हुए जिनमें बड़ी संख्या भारतीय समुदाय के सदस्य थे। रविवार को आयोजित इस समारोह में 5,000 से अधिक लोग शामिल हुए। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोकप्रिय भजन एवं गीत भी गाए गए। त्रिनिदाद और टोबैगो की राम जन्मभूमि स्थापना समिति ने भारतीय प्रवासियों और सामुदायिक संगठनों के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया था। अइस कार्यक्रम में 550 दीये भी जलाए गए। त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय उच्चायोग ने सोशल एक्स पर पोस्ट में कहा, अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय प्रवासियों द्वारा आयोजित भव्य समारोह में भाग लेना सम्मान की बात है। वहीं मॉरीशस सरकार ने इस ऐतिहासिक अवसर पर देशभर में होने वाली प्रार्थना सभाओं में भाग लेने के लिए हिदू धर्म के कर्मचारियों को दो घंटे की विशेष छुट्टी दी। मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविद कुमार जगन्नाथ ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'आइए श्री राम के अयोध्या लौटने पर खुशी मनाएं। अयोध्या में 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह की पूर्व संध्या पर मेक्सिको के क्वेरेटारो शहर में भगवान राम के पहले मंदिर की स्थापना हुई। क्वेरेटारो में भगवान हनुमान का मंदिर पहले से है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव : डीसैंटिस दौड़ से हटे, ट्रंप का समर्थन किया

**वॉशिंगटन (भाषा)।** फ्लोरिडा के गवर्नर रोनाल्ड डीसैंटिस ने रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने की दौड़ से हटने और प्रत्याशी के तौर पर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन करने की घोषणा की है। अब केवल भारतीय-अमेरिकी और दक्षिण कैरोलाइना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली (51) इकलौती रिपब्लिकन नेता ट्रंप (77) के खिलाफ उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल है। ट्रंप को 2020 के चुनावों में मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन से शिकस्त मिली थी।

**रिपब्लिकन पार्टी में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बने ट्रंप और हेली के बीच सीधी टक्कर**

ट्रंप अभी तक रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की दौड़ में सबसे आगे है और पार्टी के ज्यादातर सदस्य उनका समर्थन कर रहे है। उन्होंने पिछले सप्ताह आयोवा कॉकस में जीत हासिल की और वह न्यू हैम्पशायर प्राइमरी चुनाव में आगे चल रहे है जहां 23 जनवरी को मतदान होना है। प्राइमरी चुनाव आम चुनाव में अपने-अपने राजनीतिक दल का प्रतिनिधित्व करने के लिए उम्मीदवार के चयन की प्रक्रिया है। एक वक्त में ट्रंप के लिए कड़ी चुनौती के रूप में देखे जा रहे डीसैंटिस के नाम वापस लेने से अब रिपब्लिकन पार्टी में मुकाबला ट्रंप और हेली के बीच है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पूर्व राष्ट्रपति रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने के लिए तैयार है और नवंबर 2024 का राष्ट्रपति चुनाव 2020 के चुनाव की तरह ही ट्रंप बनाम बाइडन होगा। डीसैंटिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में वीडियो संदेश में कहा, 'आयोवा में दूसरे स्थान पर रहने के बाद हमने आगे के अपने कदम पर विचार-विमर्श किया। अगर अनुकूल परिणाम हासिल करने के लिए कुछ होता तो मै कर सकता था, और मै करूंगा। लेकिन अगर हमें जीत का पक्का भरोसा नहीं है तो मै अपने समर्थकों से अपना वक्त और पैसा खर्च करने के लिए नहीं कह सकता। इसे देखते हुए मै आज अपना अभियान निलंबित कर रहा हूं।' उन्होंने कहा, स्पष्ट हो गया है कि ज्यादातर रिपब्लिकन प्राइमरी मतदाता डोनाल्ड ट्रंप को एक और मौका देना चाहते है। मेरी ट्रंप से कई मुद्दों पर असहमतियां है लेकिन वह वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन से बेहतर है।

# 'मेरा परिवार मेरी पहचान' पर होगी हरियाणा की झांकी



*चंडीगढ़ :* **हरियाणा के सूचना लोकसंपर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग के डीजी मनदीप सिंह बराड़ सोमवार को नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर प्रदर्शित होने वाली झांकी की जानकारी देते हुए।**

**चंडीगढ़।** गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर मेरा परिवार-मेरी पहचान' थीम पर हरियाणा की झांकी प्रदर्शित की जाएगी। कर्तव्य पथ पर प्रदर्शन के लिए लगातार तीसरी बार हरियाणा की झांकी का चयन रक्षा मंत्रालय की विशेषज्ञ कमेटी ने किया है। हरियाणा ऑनलाइन सेवाओं के लिए पहले ही देश भर में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। सोमवार को ये बात हरियाणा के सूचना, जनसंपर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग के डीजी मंदीप सिंह बराड़ ने मीडिया से कही। बराड़ बोले कि मेरा परिवार-मेरी पहचान कार्यक्रम की शुरुआत आम जन को घर-द्वार पर सरकारी सुविधाएं व सेवाएं मुहैया कराने को लेकर की गई है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल इनोवेटिव सोच के साथ प्रदेश में अनूठी योजनाएं लागू कर हरियाणा को विकास की राह पर आगे बढ़ा रहे हैं।

**डीजी ने कहा कि हरियाणा की कई योजनाओं को केंद्र ने भी अपनाया और अब दूसरे राज्य भी कर रहे हैं अनुसरण**

डीजी ने कहा कि हरियाणा की कई योजनाओं का अब दूसरे राज्य भी अनुसरण कर रहे हैं और केन्द्र सरकार ने भी अपनाया है। इस बार की हरियाणा की झांकी भारत सरकार के थीम-'विकसित भारत' के साथ सटीक बैठती है, जिसमें विरासत व विकास का सामंजस्य दिखाई देगा। ये हर्ष का विषय है कि लगातार तीसरी बार हरियाणा की झांकी गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा बन रही है। गत वर्ष गणतंत्र दिवस पर हरियाणा ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव थीम पर भगवान श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप को लेकर झांकी प्रदर्शित की थी। इससे पहले हरियाणा खेलों में अपनी उपलब्धियां दशति हुए खेलों में नंबर वन हरियाणा थीम पर अपनी झांकी प्रदर्शित कर चुका है।

# मोबाइल से युवा पीढ़ी को नुकसान हुआ : राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान करने के मौके पर चिंता जताई कि मोबाइल, लैपटॉप और टीवी में अधिक समय लगाने की वजह से आज की पीढ़ी की फिजिकल एक्टिविटी कम हो गई है, जिसकी वजह से उन्हें ऐसी बीमारियां भी घेर रही हैं, जो बच्चों और युवाओं में गौण होती थीं। उन्होंने बच्चों को सलाह दी कि उन्हें किसी एक खेल में अवश्य भाग लेना चाहिए,भले ही वह खेल को करियर के रूप में ना अपनाएं।

**प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए**

राष्ट्रपति ने कहा कि खेल बच्चों को स्वस्थ रखते है और उनमें टीम भावना भी जगाते है। उन्होंने सोशल मीडिया के खतरों के प्रति बच्चों को आगाह करते हुए कहा कि यह जागरूकता का सशक्त माध्यम होते हुए भी इसका बहुत दुरुपयोग होता है। राष्ट्रपति ने कहा कि सोशल मीडिया अफवाह फैलाने में आगे है। उन्होंने बच्चों से कहा कि उन्हें सचेत रहना है और गलत कामों से दूर रहना है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार युवाओं को टेक्नोलॉजी के उपयोग में सक्षम बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है कि आजकल के युवा 'टेक सेवी' है लेकिन टेक्नोलॉजी का भी दुरुपयोग हो रहा है और 'डीप फेक', फाइनेंशियल फ्रॉड और बच्चों का शोषण जैसे अपराध भी हो रहे है।

राष्ट्रपति ने बच्चों और युवाओं से ऐसी जीवन शैली अपनाने के लिए कहा जो पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचती हो। उन्होंने कहा कि बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ अपनी संस्कृति और भगवान राम के आदर्शों को भी अपनाना चाहिए। इस कार्यक्रम में महिला और बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी भी उपस्थित थीं।

### 19 बच्चों को किया सम्मानित

इस बार वर्ष 2024 के प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियों के लिए 19 बच्चों को सम्मानित किया। ये 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से है, जिनमें 10 लड़कियां और 9 लड़के है। वीरता की श्रेणी में पुरस्कार महाराष्ट्र के आदित्य विजय ब्रम्हणे (12) को मरणोपरांत दिया गया है। जिन्होंने नदी में डूब रहे अपने चचेरे भाइयों को बचाने के लिए अपनी जान दे दी। राष्ट्रपति से पुरस्कार उनके छोटे भाई ने ग्रहण किया। कला और संस्कृति के क्षेत्र में कुशीनगर उत्तर प्रदेश की अनुष्का पाठक को सम्मानित किया गया है। वह 4 साल की छोटी उम्र से कथा वाचन कर रही है। इसी श्रेणी में दार्जिलिंग पश्चिम बंगाल के 13 वर्षीय पखावज वादक अरिजीत बनर्जी, 6 वर्षीय बिलासपुर छत्तीसगढ़ के अरमान उबरानी,बड़ोदरा गुजरात की 13 वर्षीय हेतवी, बारामुला जम्मू कश्मीर के 12 वर्षीय इशफाक हामिद, पटना बिहार के 16 वर्षीय मोहम्मद हुसैन, वारंगल तेलंगाना की 14 वर्षीय पेंडयाला लक्ष्मी को सम्मानित किया गया है। वही नव प्रवर्तन (इनोवेशन) के लिए दिल्ली की 16 वर्षीय सुहानी चौहान को विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के लिए कोटा राजस्थान के 17 वर्षीय आर्यन सिंह को राष्ट्रपति ने पुरस्कार प्रदान किए। समाज सेवा के लिए इंदौर मध्य प्रदेश के 9 वर्षीय अवनीश तिवारी, महेंद्रगढ़ हरियाणा की 9 वर्षीय गरिमा, त्रिपुरा की 16 वर्षीय ज्योत्स्ना अख्तर, असम के 15 वर्षीय संयम मजूमदार को पुरस्कार मिला। खेल की श्रेणी में गोरखपुर उत्तर प्रदेश के 12 वर्षीय आदित्य यादव, हसन कर्नाटक की 9 वर्षीय चार्बी ए, अरुणाचल प्रदेश की 9 वर्षीय जेसिका नेई, मणिपुर की 17 वर्षीय लिन्थोई चनबम,और आंध्र प्रदेश के 9 वर्षीय आर सूर्य प्रसाद को पुरस्कार दिया गया।

# फिलिस्तीन की स्थापना का रास्ता साफ होने तक इस्राइल को मान्यता नहीं : सऊदी अरब

**यरुशलम (एपी)।** सऊदी अरब के विदेश मंत्री ने कहा है कि फिलिस्तीन की स्थापना का रास्ता साफ होने तक वह इस्राइल के साथ संबंधों को सामान्य नहीं करेगा या गाजा के पुनर्निर्माण में योगदान नहीं देगा।

प्रिंस फैसल बिन फरहान ने एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की। यह सऊदी अधिकारियों की अब तक की सबसे बेबाक टिप्पणियों में से एक है। फरहान की यह टिप्पणी इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ रिश्तों में खटास ला सकती है जिन्होंने फिलिस्तीन को मान्यता देने की संभावना को खारिज कर दिया है और गाजा पर खुले सैन्य नियंत्रण की योजना की रूपरेखा पेश की है। गाजा के भविष्य पर विवाद अमेरिका और उसके अरब सहयोगियों को इस्राइल के सामने खड़ा कर रहा है। यह रुख गाजा में युद्ध के बाद के शासन या पुनर्निर्माण की किसी भी योजना में बड़ी बाधा उत्पन्न कर सकता है। फरहान ने ऐसे समय में टिप्पणी की है जब ऐसा युद्ध चल रहा है और जिसका कोई अंत नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने यह टिप्पणी इस सवाल के जवाब में की कि क्या आप स्पष्ट रूप से कह रहे है कि यदि फिलिस्तीन देश के लिए कोई विश्वसनीय और ठोस रास्ता नहीं निकलता है तो सऊदी अरब और इस्राइल के बीच संबंध सामान्य नहीं होंगे? इसके जवाब में प्रिस फैसल ने कहा, 'यही एकमात्र तरीका है जिससे हमें लाभ होगा। इसलिए हां।'

इससे पहले साक्षात्कार में, जब उनसे पूछा गया कि क्या तेल समृद्ध सऊदी अरब गाजा में पुनर्निर्माण का वित्तपोषण करेगा? प्रिंस फरहान ने जवाब में कहा, ' हम सात अक्टूबर से पहले की यथास्थिति की बात करते है, जो हमें इसके (युद्ध)एक और दौर के लिए तैयार करती है, जैसा कि हमने अतीत में देखा है, तो हमें उस बातचीत में कोई दिलचस्पी नहीं है।'

# 81 प्रतिशत लोग 'वन नेशन वन इलेक्शन' के पक्ष में

**नई दिल्ली।** विपक्ष के भारी विरोध के बावजूद वन नेशन वन इलेक्शन के पक्ष में देश के 81% लोग हैं। यह लोग विपक्ष के इस प्रस्ताव के विरोध से सहमत नहीं है और उनका मानना है एक साथ चुनाव कराने पर देश के तमाम समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। वन नेशन वन इलेक्शन पर पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनाई गई समिति को लोगों से लगभग 21,000 सुझाव मिले है। इनमें से 81 प्रतिशत लोगों ने एक साथ चुनाव के विचार पर सहमति दी है।समिति द्वारा दिए गए बयान में बताया गया है कि 46 राजनीतिक दलों से भी सुझाव मांगे गए थे। इसमें कहा गया, अब तक 17 राजनीतिक दलों से सुझाव प्राप्त हुए है।

**कोविंद कमेटी को मिले 21000 सुझाव**

**विपक्ष प्रस्ताव के विरोध में है**

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस और टीएमसी समेत तमाम विपक्षी दलों ने एक साथ चुनाव कराने के विचार का विरोध किया है। दरअसल, 5 जनवरी को समिति ने देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए मौजूदा कानूनी-प्रशासनिक ढांचे में उचित बदलाव करने के लिए नागरिकों से सुझाव आमंत्रित करते हुए एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया था। पिछले साल सितंबर में गठित कोविंद के नेतृत्व वाली समिति ने रविवार को अपनी तीसरी बैठक की। समिति ने अपनी बैठक के बाद कहा, कुल मिलाकर 20,972 प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं, जिनमें से 81 प्रतिशत लोगों ने एक साथ चुनाव के विचार की पुष्टि की। पैनल की रविवार की बैठक में राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, 15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एन के सिंह, पूर्व लोकसभा महासचिव सुभाष सी कश्यप और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी शामिल हुए। चुनाव आयोग के सुझावों को भी समिति ने नोट किया। समिति द्वारा जारी किए गए बयान में कहा गया है कि पैनल 27 जनवरी को फिर से बैठक करेगा। समिति ने एक साथ चुनाव कराने पर विधि आयोग के विचार सुने है। इस मुद्दे पर दोबारा लॉ पैनल को बुलाया जा सकता है।

# अफगानिस्तान विमान हादसे में चार जिंदा मिले, दो की मौत

**इस्लामाबाद (एपी)** अफगानिस्तान में सप्ताहांत दुर्घटनाग्रस्त को विमान में सवार चार लोग जिंदा मिले हैं जबकि दो की मौत हो गई है। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल से करीब 250 किलोमीटर दूर बदख्शां प्रांत के पर्वतीय क्षेत्र में शनिवार को यह हादसा हुआ था। इस सुदूर प्रांत में पहुंचे बचाव दल को चार लोग जिंदा मिले। तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने 'एक्स' पर वीडियो पोस्ट किया जिसमें हादसे के बाद बचाए गए चालक दल के चार सदस्य नजर आ रहे है। चारों का प्राथमिक उपचार के बाद बदख्शां से काबुल भेज दिया गया है।

तालिबान के परिवहन एवं नागर विमानन मंत्रालय ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त विमान अरूज कोह पर्वत के समीप कुफ अब जिले में पाया गया। रविवार को तालिबान के सूचना एवं संस्कृति मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल वाहिद रयान ने इस हादसे की वजह 'इंजन में गड़बड़ी' बताई गई है। मास्को में नागर विमानन अधिकारियों ने बताया था कि 1978 दसॉल्ट फाल्कन-10 विमान लापता हो गया जिसमें चालक दल के चार सदस्य एवं दो यात्री सवार थे। विमान से संपर्क टूट गया और यह रडार स्क्रीन से गायब हो गया। विमान ने थाईलैंड के यू-तपाओ-रयोंग - पट्टाया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। यह विमान गया (भारत) से उज्बेकिस्तान के ताशकंद के मार्ग पर चार्टर एंबुलेंस के तौर पर संचालित किया जा रहा था और उसका अगला गंतव्य मास्को के झुकोवस्की अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे था।

## श्रीलंका : ईस्टर संडे हमले के पीड़ित होंगे 'संत' घोषित

**कोलंबो (भाषा)।** श्रीलंका का कैथोलिक चर्च 2019 में ईस्टर संडे को हुए आत्मघाती बम विस्फोटों की पांचवीं बरसी पर हादसे में मारे गए लोगों 'संत' घोषित करने फैसला किया है। इस आत्मघाती हमले में 11 भारतीयों सहित सभी 273 लोगों की मौत हो गई थी। कोलंबो के बिशप कार्डिनल मैल्कम रंजीत ने इस कदम की घोषणा की। उन्होंने कहा, 'किसी व्यक्ति को उसके बलिदान के पांच वर्ष पूरे होने के बाद ही संत की उपाधि दी जा सकती है। हम इस साल 21 अप्रैल को ईस्टर संडे पीड़ितों को संत घोषित करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे।'

आईएसआईएस से जुड़े स्थानीय इस्लामी चरमपंथी समूह, नेशनल तौहीद जमात (एनटीजे) से नाता रखने वाले नौ आत्मघाती हमलावरों ने श्रीलंका में तीन चर्चों और कुछ आलीशान होटलों में कई विस्फोट किए थे। कैथोलिक चर्च में संत की उपाधि प्राप्त करने की लंबी प्रक्रिया होती है।

# गाजा पर इस्राइली बमबारी में 40 लोगों की मौत

**गाजा (वार्ता)।** दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर पर सोमवार को इस्राइल की ओर से किए गए ताबड़तोड़ बमबारी में 40 फिलिस्तीनी मारे गए। डब्ल्यूएएफए के अनुसार प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि शहर के पश्चिमी इलाकों पर इस्राइली युद्धक विमानों और तोपखाने की ओर से हिंसक बमबारी की गई। इस दौरान फिलिस्तीनी आतंकवादियों हमास और इस्राइली सेना के बीच भीषण लड़ाई हुई। हमला उन क्षेत्रों पर किया गया जहां हजारों विस्थापित फिलिस्तीनी रहते हैं। गाजा स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि गाजा पट्टी पर चल रहे इस्राइली हमलों में जान गंवाने वाले फिलीस्तीनियों का आंकड़ा बढ़कर 25,295 हो गया है। पिछले 24 घंटों में 190 फिलिस्तीनी मारे गए है और अन्य 340 घायल हुए हैं। इस्राइल और हमास के बीच युद्ध सात अक्टूबर, 2023 को शुरू हुआ था। युद्ध में अभी तक 63 हजार फिलिस्तीनी घायल हुए है। हवाई हमलों के कारण बड़ी संख्या में पीड़ित मलबे के नीचे दबे हैं। एम्बुलेंस और नागरिक सुरक्षा दल उन तक नहीं पहुंच सकी है।

### बंधकों की रिहाई की मांग को लेकर संसदीय समिति की बैठक में व्यवधान



**यरुशलम (एपी)।** गाजा में हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के परिवार के सदस्यों ने सोमवार को इस्राइल की संसद में वित्त समिति की बैठक के दौरान प्रवेश कर गए। नाराज परिजनों ने कहा, 'आप यहां बैठक नहीं सकते, जब वे (बंधक) वहां मर रहे है।' इससे पहले, रविवार की रात परिजनों ने विरोध-प्रदर्शन जारी रखने के लिए यरूशलम में तंबू गाड़ लिये और तब तक वही रहने का संकल्प लिया, जब तक सरकार कुछ बंधकों को मुक्त कराने के लिए किसी समझौते पर नही पहुंच जाती। बंधकों के रिश्तेदारों ने हाल के दिनों में अपना विरोध प्रदर्शन तेज कर दिया है और सरकार से अपने प्रियजनों की रिहाई के लिए और अधिक प्रयास करने की मांग की है।

### इस्राइल और हमास के बीच काहिरा में होगी वार्ता

**तेल अवीव (आईएएनएस)।** इस्राइल और हमास संभावित बंधक समझौते और गाजा में युद्धविराम के लिए इस सप्ताह काहिरा में बातचीत फिर से शुरू होगी। अमेरिका के मध्य पूर्व दूत ब्रेट मैकगर्क गाजा में बंधकों की रिहाई के लिए वार्ता का नेतृत्व करेंगे। ब्रेट मैकगर्क ने पहले ही इस्राइल के साथ मध्यस्थता योजनाओं के बारे में बता दिया है और कतर के माध्यम से हमास नेतृत्व को भी इसके बारे में बता दिया है। इससे पहले 24 नवंबर से 1 दिसंबर तक एक सप्ताह का युद्धविराम हुआ था जिसमें दोनों पक्षों द्वारा कैदियों की अदला-बदली की गई थी। रिपोर्टों में कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति के फिलिस्तीन के लिए पूर्ण राज्य के दर्जे के साथ दो राष्ट्र सिद्धांत पर इस्राइली नेतृत्व सहमत नहीं है।

### बंधकों की अदला-बदली पर वार्ता का समय : इस्राइली जनरल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** इस्राइली मेजर जनरल नोम टिबोन ने कहा है कि बंधकों को वापस लाने के लिए समझौते पर हमास के साथ बातचीत करने का समय आ गया है। नोम टिबोन ने कहा, अब उन्हें वापस लाने का समय आ गया है। नहीं तो वे सभी ताबूत में आएंगे या बिल्कुल नहीं आएंगे। हम इस्राइल की आने वाली पीढ़ियों के लिए संदेश देंगे कि वे असुरक्षित देश में रहते हैं। उन माताओं को भी एक संदेश देंगे जो अपने बच्चों को सेना में भेजती हैं कि यदि आपके बच्चे को कैद कर लिया जाता है, तो वह शायद वापस नहीं आएगा। इससे पहले हमास और इस्राइल के बीच पिछले साल 24 नवंबर से 1 दिसंबर तक एक सप्ताह का युद्धविराम हुआ था जिसमें दोनों पक्षों ने कैदियों की अदला-बदली की थी।

## कश्मीर भीषण शीत लहर की चपेट में

**श्रीनगर (भाषा)।** कश्मीर में शीत लहर तेज हो गई है और घाटी के अधिकतर स्थानों पर तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया है। सोमवार को अधिकारियों ने बताया कि रविवार रात दक्षिण कश्मीर के पुलवामा और शोपियां शहरों में न्यूनतम तापमान हिमांक बिदु से 7.4 डिग्री नीचे दर्ज किया गया। पुलवामा और शोपियां घाटी के सबसे ठंडे स्थान रहे।

श्रीनगर शहर में रविवार रात न्यूनतम तापमान शून्य से 5.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो पिछली रात के शून्य से 4.8 डिग्री सेल्सियस तापमान से नीचे है। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 6.9 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।अधिकारियों ने जानकारी दी कि दक्षिण कश्मीर के काजीगुंड शहर में न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस और उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में तापमान शून्य से चार डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

## खबर संक्षेप




### बीमा कंपनी लॉकटन का भारतीय बाजार में प्रवेश

**नई दिल्ली।** अमेरिका स्थित स्वतंत्र बीमा ब्रोकरेज कंपनी लॉकटन ने भारतीय बाजार में प्रवेश की सोमवार को घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि लॉकटन के भारत में प्रवेश के लिए नियामक की मंजूरी की आवश्यकता होगी। कंपनी भारत में जोखिम संबंधी परामर्श और प्रबंधन सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करेगी। लॉकटन के दुनियाभर में 135 कार्यालय हैं। बयान के अनुसार, संदीप दादिया को भारत का मुख्य कार्यकारी अधिकारी और लॉकटन एशिया नेतृत्व दल का सदस्य नियुक्त किया गया है।

### सेलेरिटीएक्स अयोध्या में नेटएक्स पेश करेगा

**नई दिल्ली।** हिंदुजा ग्लोबल सॉल्यूशंस (एचजीएस) के उद्यम व्यवसाय सेलेरिटीएक्स ने अयोध्या में बेहतर संपर्क के लिए नेटएक्स पेश करने की घोषणा की है।




यह अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान संपर्क स्थापित करने में मदद करेगा। इससे इंटरनेट संपर्क प्रदान करने में स्थानीय संचालकों को भी मदद मिलेगी। नेटएक्स के दल ने समारोह की अवधि के दौरान संपूर्ण प्रोजेक्ट-मैनेजमेंट-ए-ए-सर्विस (पीएमएएएस) और लिंक मॉनिटरिंग के लिए एक प्रभावी इंटरफ़ेस प्रदान किया है।

### विकास लाइफकेयर स्काई क्लब में लेगी हिस्सेदारी

VLL

**नई दिल्ली।** विकास लाइफकेयर लिमिटेड (वीएलएल) दुबई स्थित स्काई 2.0 क्लब में 7.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 650 करोड़ रुपये) में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। वीएलएल ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि अधिग्रहण प्रक्रिया चालू वित्त वर्ष 2023-24 में पूरी की जाएगी। कंपनी ने कहा, 'यह अधिग्रहण विकास लाइफकेयर तथा होल्डिंग कंपनी ब्लू स्काई इवेंट हॉल एफजेड-एलएलसी (दुबई) के बीच शेयर अदला-बदली सौदा है।

### जिंदल स्टेनलेस ने खुल्बे को किया सीईओ नियुक्त

**नई दिल्ली।** जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि उसने पूर्णकालिक निदेशक तरूण खुल्बे को मुख्य कार्यपालक



अधिकारी (सीईओ) पद पर पदोन्नत किया है। जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) ने शेयर बाजार को बताया कि इस संबंध में पिछले सप्ताह कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक में निर्णय लिया गया था। कंपनी ने बताया कि निदेशक मंडल ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी और पूर्णकालिक निदेशक के रूप में तरूण खुल्बे की पदोन्नति को मंजूरी दे दी है।

### तूतीकोरिन अल्कली के संयंत्र में फिर से परिचालन शुरू

**चेन्नई।** तूतीकोरिन अल्कली केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड ने तमिलनाडु स्थित अपने कारखाने में परिचालन फिर से शुरू कर दिया है। इसे दिसंबर 2023 में विनाशकारी बारिश के बाद बंद कर दिया गया था। कंपनी सोडा ऐश और अमोनियम क्लोराइड उर्वरक का उत्पादन करती है। दिसंबर 2023 में देश के दक्षिणी हिस्सों में हुई भारी बारिश के कारण तूतीकोरिन संयंत्र में काम बंद करना पड़ा था।

### प्राण प्रतिष्ठा पर बाजार रहा बंद

**नई दिल्ली।** अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा पर शेयर और मुद्रा बाजार सोमवार को बंद रहे। बाजार में रोज की तरह मंगलवार को कारोबार होगा।

# प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जुटे कॉरपोरेट क्षेत्र के तमाम दिग्गज

## मुकेश अंबानी, लक्ष्मी मित्तल, सुनील मित्तल, कुमार मंगलम हुए शामिल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अयोध्या में भव्य राम मंदिर के सोमवार को आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कॉरपोरेट जगत ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस समारोह में मुकेश अंबानी समेत तमाम कॉरपोरेटे दिग्गज शामिल हुए और कई कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को इस विशेष अवसर पर छुट्टी भी दी।

उद्योगपति मुकेश अंबानी और उनके परिवार के साथ इस्पात दिग्गज लक्ष्मी एन मित्तल, भारती एयरटेल के प्रमुख सुनील भारती मित्तल, रिलायंस ग्रुप के प्रमुख अनिल अंबानी और आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला एवं उनकी बेटी अनन्या बिड़ला भगवान राम की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए।

### रिलायंस के परिसरों पर विशेष पूजा का आयोजन

अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज ने इस अवसर पर अपने सभी कर्मचारियों को छुट्टी दे दी। इसके अलावा कंपनी ने अपने परिसरों में स्थित एक दर्जन से अधिक मंदिरों में विशेष पूजा का आयोजन किया और अपने जियोटीवी मंच पर मंदिर के 360-डिग्री वर्चुअल दौरे की पेशकश भी की।



### ज्ञान व शांति का प्रवेश द्वार बने : गौतम अदाणी

समारोह के लिए निमंत्रित अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'अयोध्या मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही इसे ज्ञान और शांति का प्रवेश द्वार बनने दें, जो भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक सद्भाव के शाश्वत सूत्र से समुदायों को एकजुट करे।'

### यहां आकर सौभाग्यशाली हूं: वेम्बू

प्रौद्योगिकी समाधान मंच जोहो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रीहर वेम्बू ने भी परिवार के साथ अयोध्या मंदिर की यात्रा की तस्वीरें पोस्ट कीं। वेम्बू ने कहा, अयोध्या में मेरी अम्मा जानकी और मेरे भाई कुमार और उनकी पत्नी अनु के साथ। अम्मा आजीवन भगवान श्री राम की भक्त रही हैं। यहां आकर बहुत सौभाग्यशाली हूं।

### शामिल होकर धन्य हूं: रुइया

इसके साथ ही अदाणी ने भारत की संस्कृति एवं साहित्य के बारे में शोध करने वाले 14 छात्रों को छात्रवृत्ति देने की भी घोषणा की। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए एस्सार कैपिटल के निदेशक प्रशांत रुइया भी अयोध्या पहुंचे। रुइया ने एक्स पर कहा, 'अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए श्रद्धा, आस्था और विश्वास के साथ शामिल होकर धन्य हूं।'

### नेतृत्व के गतिरोध के कारण यह फैसला लिया गया

# सोनी ने जी एंटरटेनमेंट के साथ 10 अरब के विलय समझौते को किया समाप्त

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सोनी ग्रुप कॉरपोरेशन ने जी एंटरटेनमेंट के साथ 10 अरब अमेरिकी डॉलर के विलय समझौते को समाप्त कर दिया है। विलय की गई इकाई का नेतृत्व कौन करेगा, इस बात पर गतिरोध के कारण यह फैसला किया गया।

- सोनी ने समझौते को समाप्त करने के लिए नोटिस भेजा

समूह ने इस समझौते को समाप्त करने के लिए जी को एक नोटिस भेजा और विलय समझौते की शर्तों का उल्लंघन करने के लिए समाप्ति शुल्क के रूप में नौ करोड़ अमेरिकी डॉलर की मांग की। जी ने इस संबंध में शेयर बाजार को दी जानकारी में सोनी के सभी दावों का खंडन किया और कहा कि वह कानूनी मदद लेगा।

#### खास बातें

- शर्तों का उल्लंघन करने के लिए नौ करोड़ अमेरिकी डॉलर की मांग
- जी ने सोनी के सभी दावों का किया खंडन, कंपनी कानूनी मदद लेगी




### दोनों कंपनियों के लिए समझौता महत्वपूर्ण था

सोनी ने विलय के बाद भी प्रमुख बने रहने की जी के मुख्य कार्यकारी पुनित गोयनका की मांग का विरोध किया था। पुनित गोयनका के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोपों में बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) जांच कर रहा है। दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में बने रहने के लिए दोनों कंपनियों के लिए यह समझौता महत्वपूर्ण माना जा रहा था।

### नेतृत्व को लेकर बना गतिरोध

कंपनी ने कहा, 'जी ने कई स्थायी तथा अपरिवर्तनीय कदम उठाकर विलय के प्रति अत्यधिक प्रतिबद्धता दिखाई है, जिसके परिणामस्वरूप जी को एकमुश्त तथा बार-बार आने वाली लागत का सामना करना पड़ा।' समझौते को समाप्त किए जाने की वजह नेतृत्व को लेकर गतिरोध बताई जा रही है।

### वैश्विक कंपनियों को मिलती टक्कर

इस समझौते से 70 से अधिक भारतीय टीवी चैनल, लोकप्रिय बॉलीवुड स्टूडियो तथा एक व्यापक फिल्म लाइब्रेरी के साथ एक बड़ा समूह अस्तित्व में आता जो वैश्विक कंपनियों नेटफ्लिक्स और अमेजन को टक्कर देता।

### जील ने समझौता समाप्ति की घोषणा की

जापान की कंपनी ने एक बयान में कहा, सोनी ग्रुप कॉरपोरेशन की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड आज एक नोटिस जारी करते हुए एसपीएनआई और जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जील) के बीच समझौतों को समाप्त करने की घोषणा करती है।

### समझौते की घोषणा 22 दिसंबर 2021 को हुई

इस समझौते की घोषणा 22 दिसंबर 2021 को गई थी। कल्चर मैक्स एंटरटेनमेंट को पहले सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) के नाम से जाना जाता था। समझौते के तहत विलय 21 दिसंबर 2023 से पहले पूरा किया जाना था। बाद में यह अवधि एक महीने और बढ़ा दी गई थी।

### 21 जनवरी तक विलय की शर्तें पूरी नहीं हुई

शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा गया, 'विलय अंतिम तिथि तक पूरा नहीं हुआ, क्योंकि अन्य बातों के अलावा विलय की समापन शर्तें तब तक पूरी नहीं हुई थीं।' सोनी ने कहा, 'अत्यंत निराशा हुई कि समय सीमा 21 जनवरी तक विलय की शर्तें पूरी नहीं हुईं।'

# टाटा मोटर्स के साणंद कारखाने में अप्रैल से ईवी वाहनों का निर्माण

## कंपनी ने फोर्ड इंडिया से किया था अधिग्रहण

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



टाटा मोटर्स इस साल अप्रैल से फोर्ड इंडिया से अधिग्रहण किये गये साणंद संयंत्र में इलेक्ट्रिक वाहनों का विनिर्माण शुरू करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी की इकाई टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड ने पिछले साल जनवरी में फोर्ड इंडिया से 725.7 करोड़ रुपये में इस संयंत्र का अधिग्रहण किया था। टाटा मोटर्स के प्रबंध निदेशक (यात्री वाहन) शैलेश चंद्रा ने कहा, 'हम अप्रैल से नेक्सन ईवी के साथ साणंद में इलेक्ट्रिक वाहन का विनिर्माण शुरू करने की योजना बना रहे हैं।' कंपनी ने पहले ही तीन लाख इकाई प्रति वर्ष की स्थापित क्षमता वाले विनिर्माण संयंत्र में नेक्सॉन के पेट्रोल, डीजल संस्करणों का उत्पादन शुरू कर दिया है। इसके साथ वार्षिक क्षमता बढ़कर 4.2 लाख इकाई हो जाएगी। चंद्रा ने कहा कि कंपनी इस कारखाने में आगामी मॉडल का उत्पादन भी करना चाहती है।

- 725.7 करोड़ रुपए में इस संयंत्र का किया था अधिग्रहण

### यात्री वाहन उद्योग में पांच फीसदी वृद्धि की उम्मीद

अगले वित्त वर्ष में बिक्री के सवाल पर उन्होंने कहा कि यात्री वाहन उद्योग में पांच प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। चंद्रा ने कहा, 'हमने कुछ नए उत्पाद पेश करने की योजना बनाई है, इसलिए हम उद्योग से बेहतर वृद्धि करने का लक्ष्य रखेंगे।

### फेम के तहत ईवी को दिया गया लाभ

बजट से उम्मीदों पर उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत इलेक्ट्रिक कारों को फेम योजना के तहत लाभ देने से देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के विकास में तेजी आने की उम्मीद है। फेम से तात्पर्य भारत में हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने तथा विनिर्माण से है।

# नेपाल में असेंबली संयंत्र लगाएगी हीरो मोटोकॉर्प

सीजी मोटर्स के साथ मिलकर लगाएगी संयंत्र




एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

हीरो मोटोकॉर्प ने सोमवार को कहा कि वह सीजी मोटर्स के साथ मिलकर नेपाल में असेंबली इकाई स्थापित करेगी। कंपनी ने नेपाल में हाल ही में सीजी मोटर्स को वितरक नियुक्त किया है।

- क्षमता 75 हजार यूनिट प्रति वर्ष होगी
- परिचालन मार्च 2024 से होगा

देश की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी ने बयान में कहा कि यह संयंत्र नेपाल के नवलपुर जिले में लगाया जाएगा और इसकी क्षमता 75,000 यूनिट प्रति वर्ष होगी। इसमें कहा गया है कि परिचालन मार्च 2024 में शुरू होगा। हीरो मोटोकॉर्प ने वर्ष 2014 में नेपाल में कदम रखा। पिछले कुछ वर्षों में, कंपनी ने खुद को देश में एक अग्रणी कंपनी के रूप में स्थापित किया है। हीरो मोटोकॉर्प के वैश्विक व्यापार विभाग के प्रमुख संजय भान ने कहा, 'अपनी विशाल विशेषज्ञता और विविध व्यावसायिक ज्ञान के साथ, चौधरी ग्रुप (सीजी) यहां हमारे परिचालन को बढ़ावा देगा।'

### योजना कई नए उत्पाद पेश करने की

भान ने कहा कि निकट भविष्य में, कंपनी की योजना देश भर में अपने परिचालन को और मजबूत करने और कई नए उत्पाद पेश करने की है। इससे कंपनी के वाहनों के लिए बाजार को बढ़ाने में मदद मिलेगी। हीरो मोटोकॉर्प नेपाल में सुपर स्प्लेंडर, ग्लैमर, एचएफ डीलक्स और एक्सपल्स 200 मोटरसाइकिल जैसे मॉडल बेचती है।


# बिजलीघरों में अप्रैल-दिसंबर में उत्पादन सात प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

घरेलू कोयले पर आधारित बिजलीघरों में उत्पादन चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में 7.14 प्रतिशत बढ़कर 872 अरब यूनिट रहा। कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि घरेलू कोयले पर आधारित बिजली उत्पादन का बढ़ना देश में बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए कोयले की पर्याप्त आपूर्ति को दर्शाता है।

- पहले नौ महीनों में 872 अरब यूनिट रहा

एक साल पहले की समान अवधि में घरेलू कोयला आधारित बिजली उत्पादन 813.9 अरब यूनिट रहा था। ताप-विद्युत बिजली इकाइयों को चलाने के लिए मुख्य



ईंधन के तौर पर कोयले का इस्तेमाल होता है। कुल बिजली उत्पादन में ताप-विद्युत की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से भी अधिक है। मंत्रालय ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-दिसंबर अवधि में कोयला आधारित बिजली उत्पादन एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 10.13 प्रतिशत बढ़ गया। अप्रैल-दिसंबर, 2022 में बिजली उत्पादन 6.71 प्रतिशत बढ़ा था।

# करूर वैश्य बैंक को दिसंबर तिमाही में 412 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ

एजेंसी ▸▸| चेन्नई

निजी क्षेत्र के करूर वैश्य बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 42.56 प्रतिशत बढ़कर 412 करोड़ रुपये रहा। तमिलनाडु के बैंक ने सोमवार को एक बयान में कहा कि बैंक ने पिछले वर्ष की इसी तिमाही के दौरान 289 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था बैंक का 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए शुद्ध मुनाफा 49.61 प्रतिशत बढ़कर 1,149 करोड़ रुपये हो गया,

- चालू वित्त वर्ष में लाभ 42.56 फीसदी बढ़ा




जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 768 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कुल आय पिछले वर्ष की समान अवधि के 2,012.71 करोड़ रुपये से बढ़कर दिसंबर तिमाही में 2,497.17 करोड़ रुपये रही।

बैंक ने कहा कि सकल गैर निष्पादित संपत्ति (जीएनपीए) 31 दिसंबर, 2023 तक 1.12 प्रतिशत सुधर कर सकल कर्ज का 1.58 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 2.70 प्रतिशत थी। रुपये में यह दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही में 1,152 करोड़ रुपये रही जो जो 31 दिसंबर 2022 को 1,674 करोड़ रुपये थी।

### शुद्ध एनपीए 0.42 फीसदी

तिमाही के दौरान शुद्ध एनपीए 31 दिसंबर, 2023 को शुद्ध अग्रिम का 0.42 प्रतिशत यानी 305 करोड़ रुपये था, जबकि 31 दिसंबर, 2022 को 0.90 प्रतिशत यानी 550 करोड़ रुपये था।

# कोलगेट का लाभ तिमाही में 35.7 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** टूथपेस्ट, ब्रश जैसे दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कोलगेट-पामोलिव इंडिया लिमिटेड का शुद्ध लाभ दिसंबर तिमाही में 35.71 प्रतिशत बढ़कर 330.11 करोड़ रुपये रहा। दंतमंजन खंड में दोहरे अंक की वृद्धि के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। कोलगेट-पामोलिव इंडिया लिमिटेड (सीपीआईएल) ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी को एक साल पहले इसी तिमाही में




243.24 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में इसकी बिक्री 8.21 प्रतिशत बढ़कर 1,386.41 करोड़ रुपये की रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 1,281.21 करोड़ रुपये थी। तिमाही के दौरान कंपनी का कुल खर्च मामूली गिरावट के साथ 970.14 करोड़ रुपये रहा। समीक्षाधीन तिमाही में सीपीआईएल की कुल आय 8.6 प्रतिशत बढ़कर 1,413.54 करोड़ रुपये रही।

## प्रति वर्ष कम से कम पांच करोड़ पर्यटकों के आने की संभावना

# देश का सबसे बड़ा पर्यटक केंद्र होगा अयोध्या: रिपोर्ट

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अयोध्या में राम मंदिर के भव्य उद्घाटन से शहर में प्रति वर्ष कम-से-कम पांच करोड़ पर्यटकों के आने की संभावना है। यह संख्या स्वर्ण मंदिर और तिरूपति मंदिर में जाने वाले श्रद्धालुओं से कहीं अधिक है। ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने अपनी एक रिपोर्ट में अनुमान जताया है कि हवाई अड्डे जैसे बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर खर्च करने से उत्तर प्रदेश का यह शहर एक बड़े पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो जाएगा।

- स्वर्ण मंदिर व तिरूपति मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं से ज्यादा होगी



**भारत में धार्मिक पर्यटन सबसे बड़ा खंड:** विश्व स्तर पर, वेटिकन सिटी में हर साल लगभग 90 लाख पर्यटक आते हैं और सऊदी अरब के मक्का में लगभग दो करोड़ पर्यटक आते हैं। जेफरीज के अनुसार, धार्मिक पर्यटन अभी भी भारत में पर्यटन का सबसे बड़ा खंड है।

### स्वर्ण मंदिर में प्रति वर्ष 3.5 करोड़ लोग आते हैं

रिपोर्ट के मुताबिक एक नए हवाई अड्डे, विस्तारित रेलवे स्टेशन, आवासीय योजनाओं और बेहतर सड़क संपर्क के साथ नए होटलों और अन्य आर्थिक गतिविधियों के चलते यहां प्रति वर्ष पांच करोड़ से अधिक पर्यटक आ सकते हैं। एक अनुमान के मुताबिक अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में प्रति वर्ष 3-3.5 करोड़ लोग आते हैं, जबकि तिरूपति मंदिर में 2.5-3 करोड़ लोग आते हैं।

### पर्यटन ने जीडीपी में दिया 194 अरब डॉलर का योगदान

बेहतर संपर्क और बुनियादी ढांचे के साथ एक नए धार्मिक पर्यटन केंद्र (अयोध्या) का निर्माण एक बड़ा आर्थिक प्रभाव पैदा कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया कि पर्यटन ने वित्त वर्ष 2018-19 (कोविड-पूर्व) के दौरान जीडीपी में 194 अरब डॉलर का योगदान दिया और वित्त वर्ष 2032-33 तक इसके आठ प्रतिशत की दर से बढ़कर 443 अरब डॉलर होने की उम्मीद है।

### 10 लाख यात्रियों को संभालेगा एयरपोर्ट

रिपोर्ट के मुताबिक अयोध्या में नए हवाई अड्डे का चरण -1 चालू हो गया है और यह 10 लाख यात्रियों को संभाल सकता है। रेलवे स्टेशन को प्रतिदिन 60,000 यात्रियों को संभालने के लिए विस्तारित किया गया है। वर्तमान में अयोध्या में 590 कमरों वाले लगभग 17 होटल हैं। इसके अलावा 73 नए होटल तैयार किए जा रहे हैं।

# बजट में कागज, पेपरबोर्ड पर आयात शुल्क बढ़ाने की मांग

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

घरेलू कागज और पेपरबोर्ड विनिर्माताओं ने आगामी आम बजट में कागज उत्पादों पर आयात शुल्क बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने और गुणवत्ता नियंत्रण आदेश लगाने की मांग की है। भारतीय कागज विनिर्माता संघ (आईपीएमए) ने सोमवार को एक बयान में यह मांग करते हुए कहा कि सस्ते आयात को हतोत्साहित करने के लिए ऐसा करना जरूरी है। संगठन ने कहा कि उसने बजट से पहले सरकार को अपने ज्ञापन में कागज और पेपरबोर्ड के आयात पर मूल सीमा शुल्क को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने का आग्रह किया है।

- आईपीएमए ने आयात शुल्क बढ़ाकर 25 फीसदी करने की मांग

आईपीएमए ने कहा कि इन उत्पादों पर भारत की डब्ल्यूटीओ सीमा दर 40 प्रतिशत है। ज्ञापन में भारतीय उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की आपूर्ति सुनिश्चित करने और देश में घटिया उत्पादों के आयात की जांच करने के लिए विभिन्न श्रेणियों के कागज के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) जारी करने को भी कहा गया है। आईपीएमए के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने सरकार से मौजूदा एफटीए (आसियान, दक्षिण कोरिया और जापान) की समीक्षा करते समय और नए एफटीए तैयार करते समय कागज और पेपरबोर्ड को नकारात्मक सूची में रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सीमा शुल्क में किसी भी बढ़ोतरी से एफटीए के तहत देश में आने वाले शुल्क मुक्त आयात पर कोई असर नहीं पड़ेगा।



### एंटी-डंपिंग शुल्क की मांग

अग्रवाल ने कहा कि कागज की विभिन्न श्रेणियों के आयात पर उपयुक्त सुरक्षा, एंटी-डंपिंग और काउंटरवेलिंग शुल्क शीघ्रता से लगाया जाना चाहिए। खास तौर से व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की सिफारिश के बाद ऐसा तुरंत करना चाहिए।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तारीख को खिलाड़ियों ने कहा-ऐतिहासिक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*22 जनवरी का दिन रामभक्तों के लिए काफी ऐतिहासिक है। सोमवार ही के दिन अयोध्या में राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह हुआ। इस कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 12.20 बजे से हुई। मगर इससे पहले ही देशभर से रामभक्त अयोध्या पहुंच चुके थे। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर प्राण प्रतिष्ठा समारोह शामिल हुए। टीम इंडिया के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की तस्वीर वायरल हो रही है। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले भी पहले ही अयोध्या पहुंच गए थे। उनका भी लखनऊ पहुंचने का वीडियो पहले ही वायरल हो गया था। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद पहले से ही अयोध्या में थे। वेंकटेश प्रसाद वहां से तस्वीरें और वीडियो पोस्ट कर रहे हैं। प्रसाद का एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है। वेंकटेश वीडियो में कह रहे हैं, 'एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम।'*









### बस राममय हूं

*सहवाग ने एक्स पर लिखा, 'भावुक हूं, आनंदित हूं। मर्यादित हूं, शरणागत हूं। सन्तुष्ट हूं, निःशब्द हूं। बस राममय हूं। सियावर रामचंद्र जी की जय। राम लला आ गए। सभी जिन्होंने इसको सम्भव किया, बलिदान दिया, उनका कृतज्ञ। जय श्री राम।'*



*- वीरेन्द्र सहवाग*

### जय श्री राम

*'खुशी के आंसू और दिल भक्ति और खुशी से भरे हुए। सियावर रामचन्द्र जी की जय। जय श्री राम।'*


*- वीवीएस लक्ष्मण*



### यह एक अद्भुत अवसर

'यह एक अद्भुत अवसर है, एक बहुत ही दिव्य अवसर। इसका हिस्सा बनकर धन्य हूं। यह ऐतिहासिक है। राम लला से आशीर्वाद लेने के लिए उत्सुक हूं।'

- अनिल कुंबले



## राम मंदिर से शांति और आध्यात्मिक ज्ञान बढ़ेगा

*__जोहानिसबर्ग।__ दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज ने अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की सराहना करते हुए उम्मीद जतायी कि यह पूरी मानवता के लिए शांति और सद्भाव लाएगा। महाराज जब क्रिकेट के मैदान पर उतरते हैं तब आम तौर पर स्टेडियम में 'राम सिया राम' की धुन बजने लगती है। इस 33 साल के वामहस्त स्पिनर ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह की सराहना करते हुए अपने सोशल मीडिया पेज पर एक वीडियो साझा किया।इस वीडियो संदेश में उन्होंने कहा, 'मैं महेश कुमार (जोहानिसबर्ग में भारत के महावाणिज्य दूत) और दक्षिण अफ्रीका में पूरे भारतीय समुदाय को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के लिए शुभकामनाएं देना चाहता हूं। यह सभी के लिए शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक ज्ञान लाए।' केशव महाराज के परिवार का ताल्लुक मूल रूप से उत्तर प्रदेश ये है। उन्होंने हाल ही में एक साक्षात्कार में भगवान राम के प्रति अपनी भक्ति के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा कि इस धुन से वह सहज महसूस करते हैं।*



## खबर संक्षेप



### रोहित उदाहरण पेश करने वाले कप्तान

**नई दिल्ली।** भारत के बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने रोहित शर्मा को 'जिम्मेदारी लेने वाला कप्तान' बताते हुए शुक्रवार को कहा कि वह इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में एक कप्तान और बल्लेबाज दोनों के रूप में अच्छा योगदान देंगे। जहीर ने 'जियो सिनेमा' पर कहा, 'हर कोई जानता है कि रोहित ने पूरी टीम पर कैसा प्रभाव डाला है।' जहीर ने कहा कि रोहित की कप्तानी की पहचान उनकी अच्छी तरह से संवाद करने की क्षमता है।

### भारतीय डेविस कप टीम ने शुरू की तैयारी

**नई दिल्ली।** भारतीय डेविस कप टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ ग्रास कोर्ट पर खेले जाने वाले आगामी डेविस कप मुकाबले के लिए यहां कड़ाके की ठंड में आयोजित शिविर में तैयारी शुरू कर दी है। इस तैयारी शिविर में टीम का ध्यान अभ्यास के साथ दूसरे एकल मुकाबले को खेलने वाले खिलाड़ी को तय करने पर होगा। रामकुमार रामनाथन टीम में एकमात्र एकल विशेषज्ञ खिलाड़ी हैं।



### ऑस्ट्रेलियन ओपन : कूलहोफ और मेकटिक को 7-6 7-6 से हराया

# बोपन्ना-एब्डेन की शानदार जीत क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने सोमवार को यहां नीदरलैंड के वेस्ली कूलहोफ और क्रोएशिया के निकोला मेकटिक की जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। भारत और ऑस्ट्रेलिया की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने कूलहोफ और मेकटिक की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी के खिलाफ 7-6 7-6 से जीत दर्ज की। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी ने दोनों सेट में शुरुआत में ही सर्विस गंवाई लेकिन 14वीं वरीय जोड़ी के खिलाफ वापसी करते हुए जीत दर्ज की। बोपन्ना और एब्डेन क्वार्टर फाइनल में मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोलटेनी की अर्जेन्टीना की छठी वरीय जोड़ी से भिड़ेंगे।



### प्री क्वार्टर फाइनल मैच का रोमांच

*बोपन्ना की सर्विस ने शुरुआत में उन्हें निराश किया। पहले सेट के दूसरे गेम में उनकी सर्विस तोड़कर विरोधी जोड़ी ने 15 मिनट के भीतर 3-0 की बढ़त बना ली। हाल में डेविस कप से संन्यास लेने वाले बोपन्ना ने हालांकि कुछ शानदार बैकहैंड के साथ वापसी करते हुए अंक जुटाए। पहले सेट के सातवें गेम में कूलहोफ और मेकटिक की जोड़ी ने कुछ सहज गलतियां की और भारत-ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी को वापसी का मौका दिया। बोपन्ना ने इसके बाद नेट पर शानदार खेल दिखाया और ढेरो अंक बटोरे। दूसरे सेट की शुरुआत में भी बोपन्ना ने सर्विस गंवाई जिससे नीदरलैंड-क्रोएशिया की जोड़ी 4-2 से आगे हो गई। आठवें गेम में बोपन्ना और एब्डेन ने एक बार फिर विरोधी जोड़ी की सर्विस तोड़कर वापसी की। टाईब्रेकर में बोपन्ना-एब्डेन की जोड़ी ने 3-0 की बढ़त बनाई और फिर सेट और मैच जीत लिया।*

### मेदवेदेव ने दर्ज की जीत

दानिल मेदवेदेव ने सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मेदवेदेव ने सोमवार को नुनो बोर्गेस को 6-3 7-6 5-7 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### डायना की धमाकेदार जीत

डायना यास्त्रेमस्का और लिंडा नोसकोवा भी पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के महिला एकल के अंतिम आठ में पहुंचने में सफल रहे। यास्त्रेमस्का ने महिला एकल में दो बार की चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका को सीधे सेट में 7-6 6-4 से हराया जबकि 18वें नंबर की एलिना स्वितोलिना जब नोसकोवा से 0-3 से पीछे चल रहीं थी तो उन्होंने पीठ की चोट के कारण मुकाबले से हटने का फैसला किया।

# दीपक और निशांत भारतीय मुक्केबाजी टीम में शामिल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया और निशांत देव को भारत की नौ सदस्यीय मुक्केबाजी टीम में जगह मिली है। दोनों 29 फरवरी से 12 मार्च तक इटली के बुस्तो अरसिजियो में होने वाले पहले क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के साथ पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे।

छह बार के एशियाई चैंपियनशिप के पदक विजेता शिव थापा (63.5 किग्रा) और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मिन लंबोरिया (60 किग्रा) को भी भारतीय मुक्केबाजी महासंघ द्वारा सोमवार को घोषित भारतीय टीम में जगह मिली है। दीपक (51 किग्रा) ने बीएफआई की मूल्यांकन प्रक्रिया के तहत 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल को पछाड़कर टीम में जगह बनाई। दीपक और निशांत (71 किग्रा) के अलावा 2022 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) की टीम में वापसी हुई है। युवा महिला विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (66 किग्रा), गत राष्ट्रीय चैंपियन लक्ष्य चाहर (80 किग्रा), संजीत कुमार (92 किग्रा), हांगझोउ एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) को भी टीम में जगह दी गई है।

### भारतीय टीम

**महिला:** जैस्मिन लंबोरिया (60 किग्रा), अंकुशिता बोरो (66 किग्रा)। पुरुष: दीपक भोरिया (51 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा), शिव थापा (63.5 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा), लक्ष्य चाहर (80 किग्रा), संजीत (92 किग्रा) और नरेंद्र (92 किग्रा से अधिक)।

# भारतीय हॉकी टीम ने फ्रांस को 4-0 से रौंदा

एजेंसी ▶▶| केपटाउन

कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने सोमवार को यहां फ्रांस को 4-0 से हराकर चार देशों के टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भारतीय रक्षापंक्ति ने इस मैच में शानदार प्रदर्शन किया। फ्रांस की टीम भारतीय गोल पोस्ट पर अनुभवी पीआर श्रीजेश और कृष्ण बहादुर पाठक को चकमा देने में नाकाम रही।

हरमनप्रीत (13वें, 26वें मिनट) ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला जबकि ललित उपाध्याय (42वें) और उप-कप्तान हार्दिक सिंह (49) भारत के लिए अन्य गोल करने वाले खिलाड़ी रहे। एक सप्ताह तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में भारत और फ्रांस के अलावा मेजबान दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड की टीमें भाग ले रही हैं।



### भारतीय पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के पूल बी में शामिल

लुसाने। एशियाई खेलों के चैंपियन और टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता भारत को इस साल के पेरिस ओलंपिक खेलों में पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में कठिन पूल बी में रखा गया है। आठ बार के चैंपियन भारत ने टोक्यो में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक में 41 साल के पदक के सूखे को खत्म किया था। भारत के साथ पूल बी में ओलंपिक चैंपियन और विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज बेल्जियम, बेहद मजबूत ऑस्ट्रेलिया, रियो खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड की टीमें हैं।

### सूर्यकुमार सर्वश्रेष्ठ पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के कप्तान

*दुबई। मध्यक्रम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम का कप्तान चुना गया है। इसमें सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, स्पिनर रवि बिश्नोई और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के रूप में तीन और भारतीयों को जगह मिली है। आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ टीम में 11 बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को शामिल किया जाता है जिन्होंने साल भर में अपने बल्ले, गेंद या ऑलराउंड प्रदर्शन से प्रभावित किया हो। सूर्यकुमार को लगातार दूसरे साल टीम में जगह मिली है। टीम : सूर्यकुमार यादव (कप्तान, भारत), फिल सॉल्ट (इंग्लैंड), यशस्वी जायसवाल (भारत), निकोलस पूरण (वेस्टइंडीज, विकेटकीपर), मार्क चैपमैन (न्यूजीलैंड), रवि बिश्नोई (भारत), अर्शदीप सिंह (भारत), सिकंदर रजा (जिंबाब्वे ), अल्पेश रामजानी (युगांडा), मार्क एडेयर (आयरलैंड) और रिचर्ड नगारवा (जिंबाब्वे) को भी टीम में जगह मिली है।*

इंडोनेशियन मास्टर्स : युगल जोड़ी ने दिया काम के बोझ का हवाला

# सात्विक-चिराग हटे, भारत की अगुवाई करेंगे प्रणय

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

स्टार एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे क्योंकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की दूसरे नंबर की पुरुष युगल जोड़ी टूर्नामेंट से हट गई है। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए काम के बोझ को कम करने के लिए टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया।

भारतीय जोड़ी के हटने से टूर्नामेंट की चमक कुछ कम होगी लेकिन दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। पुरुष एकल में 32 खिलाड़ियों में ड्रॉ में सातवीं वरीयता के साथ प्रणय एकमात्र वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी हैं। वह अपने अभियान की शुरुआत सिंगापुर के लोह कीन यीयु के खिलाफ करेंगे जिनके खिलाफ उनकी जीत-हार का रिकॉर्ड 4-1 है। महिला युगल और मिश्रित युगल में भारत की कोई जोड़ी नहीं उतरेगी।



Entertainment News




# एक्शन किंग बनकर ही फैंस को एंटरटेन करेंगे शाहरुख खान

बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान ने अपने करियर में कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। जिसके बाद से फैंस उन्हें रोमांस किंग के नाम से बुलाने लगे हैं। लेकिन चार साल के लंबे गैप के बाद पिछले साल 2023 में उन्होंने 'पठान' से फिल्मी पर्दे पर वापसी की। इस फिल्म में उन्हें पहली बार एक्शन करते देखा गया। इसके बाद उनकी फिल्म 'जवान' भी उनकी रोमांटिक किंग वाली इमेज से बिल्कुल अलग दिखी। फिल्म को ऑडियंस का जबरदस्त प्यार मिला। शाहरुख खान ने फैसला लिया कि अगले कुछ सालों तक वह सिर्फ एक्शन फिल्में ही करेंगे। एक्टर अपने इस फैसले पर पूरी तरह से टिके हैं। यही वजह है कि उन्होंने संजय लीला भंसाली की फिल्म 'इंशाल्लाह' में काम करने से मना कर दिया है।

**एक्शन फिल्मों पर फोकस कर रहे एक्टर**

दरअसल, पिछले कुछ दिनों से मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा था कि संजय लीला भंसाली ने अपनी फिल्म 'इंशाल्लाह' के लिए शाहरुख खान से बात की है। फिल्म की स्टोरी एक्टर को पसंद आई थी। लेकिन अब खबर है कि उन्होंने इस फिल्म से किनारा कर लिया है। दरअसल, एक्टर रॉमकॉम फिल्मों से दूर रहना चाहते हैं और एक्शन फिल्मों पर पूरा फोकस रखना चाहते हैं। एक सोर्स के मुताबिक, एक्टर का कहना है कि कमाल का आइडिया आने के बाद ही वह पर्दे पर रोमांस करेंगे। आपको बता दें कि फिल्म 'इंशाल्लाह' एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है।

# हिमाचल की गोद में बसी यह जगह देख भूल जाएंगे स्विटजरलैंड, खूबसूरती देख हो जाएंगे कायल



अक्सर घूमने के शौकीन लोग हिमाचल, शिमला या उत्तराखंड घूमने का प्लान बनाते हैं। अगर हिमाचल प्रदेश की बात की जाए, तो यह देश का एक प्रमुख राज्य है। साथ ही यह एक फेमस पर्यटन स्थल भी है। यहां पर हर दिन हजारों देशी और विदेशी पर्यटक हिमाचल प्रदेश की खूबसूरती को निहारने के लिए पहुंचते हैं। आपको बता दें कि हिमाचल की हसीन वादियों में कई मनमोहक और अद्भुत जगहें मौजूद हैं। जिनके बारे में अभी भी बहुत कम लोग जानते हैं। बता दें कि हिमाचल प्रदेश की गोद में मौजूद ताबो शहर बेहद खूबसूरत और मनमोहक है। ऐसे में अगर आप भी घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको एक बार ताबो जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ताबो शहर की खासियत और यहां पर मौजूद उन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको एक्सप्लोर करने के बाद आप स्विटजरलैंड जैसी जगहों को भूल जाएंगे।

**कहां है ताबो शहर**– हिमाचल प्रदेश में समुद्र तल से करीब 10 हजार फीट की ऊंचाई पर मौजूद स्पीति घाटी से कुछ ही दूरी ताबो गांव स्थित है। इसको 'हिमाचल की अजंता' के तौर पर भी जाना जाता है। हिमाचल की राजधानी शिमला से ताबो गांव की दूरी करीब 465 किमी है। यह भारत और तिब्ब बार्डर पर मौजूद है।

**ताबो की खासियत**– सिर्फ एक चीज नहीं बल्कि ताबो कई चीजों के लिए पूरे भारत में फेमस है। यह गांव सबसे पुराने बौद्ध मठ 'ताबो मठ' के लिए भी जाना जाता है। बताया जाता है कि इस मठ के कारण इस गांव का नाम ताबो पड़ा। बौद्ध समुदाय के लोगों के लिए ताबो मठ बेहद ही पवित्र स्थल है। वहीं हिमाचल की गोद में बसे होने के कारण यह इलाका हर समय बर्फ से ढका रहता है। वहीं आप यहां पर नीले पानी वाली झील, पहाड़ों से बहती नदियां, साफ और नीले गगन और ऊंचे-ऊंचे पहाड़ देख सकते हैं। इस स्थान को ठंडा रेगिस्तान भी कहा जाता है।

**पर्यटकों के लिए जन्नत से कम नहीं ताबो**– आपको बता दें कि ताबो पर्यटकों के लिए जन्नत से कम नहीं है। वहीं भारत-तिब्बत सीमा पर स्थित इस गांव की खूबसूरती हिमाचल में भी चार चांद लगाने का काम करती है। कई पर्यटक यहां पर बर्फबारी का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं। इसलिए यह जगह स्विटजरलैंड को भी टक्कर देती है। कपल्स के बीच यह हनीमून डेस्टिनेशन के रूप में भी जाना जाता है। यहां पर बर्फबारी के दौरान कई कपल्स हनीमून के लिए भी पहुंचते हैं। यहां पर आप ट्रेकिंग और हाइकिंग जैसी एक्टिविटीज भी कर सकते हैं।


**ताबो में घूमने वाली जगहें**– ताबो में घूमने के लिए एक से बढ़कर एक कई बेहतरीन जगहें हैं। आप यहां पर अपने पार्टनर के साथ चंद्रताल झील, काई मठ, ताबो मठ, कुंजुम दर्रा और पिन वैली नेशनल पार्क जैसी बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**इस समय एक्सप्लोर करें ताबो**– अगर आप भी हिमाचल प्रदेश की गोद में बसे ताबो को एक्सप्लोर करने का प्लान बना रहे हैं। तो आप यहां पर मई से अक्तूबर के बीच आ सकते हैं। इस दौरान अधिक ठंड नहीं पड़ती है। वहीं अगर आप बर्फबारी का मजा लेना चाहते हैं, तो आपको यहां पर नवंबर से फरवरी के बीच आने का प्लान बनाना चाहिए।

Bollywood Update



# दीपिका पादुकोण के किरदार पर स्टैंडअलोन फिल्म बनाएंगे रोहित शेट्टी



इन दिनों अपनी सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स को लेकर सुर्खियों में बने बॉलीवुड के एक्शन फिल्म डायरेक्टर रोहित शेट्टी अब अपनी अगली फिल्म सिंघम अगेन को लेकर चर्चाओं में हैं, जिसमें अजय देवगन, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, करीना कपूर खान और दीपिका पादुकोण समेत कई कलाकार नजर आ रहे हैं। वहीं, इस फिल्म को लेकर फैंस भी कापी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। हालांकि, सिंघम अगेन से पहले रोहित शेट्टी अजय देवगन, रणवीर सिंह और अक्षय कुमार के साथ सिंघम, सिंघम रिटर्न्स, सिम्बा और सूर्यवंशी जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में बना चुके हैं, जिनमें सभी के अलग-अलग किरदारों को दिखाया गया है। ऐसे में एक रिपोर्ट के मुताबिक, रोहित शेट्टी अब सिंघम अगेन में नजर आने वाली दीपिका पादुकोण के साथ उनके किरदार शक्ति शेट्टी के साथ अलग से एक फिल्म बनाने का प्लान कर रहे हैं।

आपको बता दें कि दीपिका पादुकोण सिंघम अगेन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और वे उनके इस किरदार के साथ एक स्टैंडअलोन फिल्म बनाने का प्लान बना रहे हैं।

# एक्टिंग से ब्रेक लेकर सनी लियोनी ने खोला रेस्टोरेंट




बॉलीवुड एक्ट्रेस सनी लियोनी ने अपना पहला रेस्टोरेंट लॉन्च किया है। पहले एक्टिंग फिर एंटरप्रेन्योर और अब एक्ट्रेस एक नए रेस्टोरेंट की मालकिन बन गई हैं। जिसकी वीडयो उन्होंने खुद अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर शेयर की है। सनी ने अपने इस नए रेस्टोरेंट का नाम 'चिकालोका' रखा है जिसे उन्होंने अपने पति डेनियल वेबर के साथ नोएडा में लॉन्च किया है। रेस्टोरेंट की कुछ झलकियां उन्होंने अपने फैंस के साथ शेयर की हैं। साथ ही उन्होंने अपनी विश भी बताई और कहा कि 'दुनिया जीतने के लिए।

**नए आइडिया पर काम करना चाहती हैं सनी**

एक मीडिया से बातचीत करते हुए सनी लियोनी ने कहा कि रेस्टोरेंट खोलने के अलावा वह और आइडिया पर काम करना चाहती हैं। उनका मानना है कि एंटरटेनर्स को खुद को सीमित न रखते हुए अपने ब्रांड वैल्यू को आगे बढ़ाना चाहिए। सनी ने कहा कि, 'मेरा मानना है कि बतौर एक्टर्स हमें सिर्फ फिल्मों या टीवी तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि हमें उस जोन से आगे बढ़ते हुए नई चीजों को ट्राई करते रहना चाहिए जिससे हम अपने ब्रांड का और विस्तार कर सकें।



# ब्रिटेन के शाही परिवार से ताल्लुक रखती हैं 'तारा सिंह' की बीवी

आज भले ही 'तारा सिंह' यानी सनी देओल को पूरी दुनिया जानती हैं, लेकिन उनकी पत्नी पूजा को बहुत कम लोग जानते हैं। ऐसे इसलिए है क्योंकि 'पूजा देओल' खुद को लाइमलाइट से बहुत दूर रखती हैं। इस जमाने को उनके बारे में बेहद कम बातें पता है, लेकिन आज हम आपको सनी और पूजा से जुड़ी एक खास बात बता रहे हैं, जो शायद बहुत कम लोग जानते हैं। आइए जानते हैं-

**ब्रिटेन की रहने वाली थी पूजा**

बीते साल अपनी फिल्म से गदर मचाने वाले सनी देओल की पत्नी पूजा देओल ब्रिटेन के शाही परिवार से ताल्लुक रखती है। जी हां, देसी मुड़े की ससुराल विदेश में है। हालांकि इस बारे में ज्यादा लोगों को पता भी नहीं है। बता दें कि सनी देओल की पत्नी पूजा लंदन से हैं और वो ब्रिटेन की रहने वाली थी। 21 सितंबर 1957 को पूजा का जन्म हुआ और उनका असली नाम Lynda Deol है।

बता दें कि उनकी मां एक ब्रिटिश महिला थी और वो ब्रिटिश के शाही परिवार से ताल्लुक रखती थी। हालांकि उनके पिता भारतीय मूल के थे। पूजा का शाही परिवार से होना अपने आप में एक खास बात है। ऐसे में शुरू से ही मीडिया की उन पर नजरें रहना तो लाजमी हैं, लेकिन पूजा खुद को लाइमलाइट से बहुत दूर रखना पसंद करती हैं। ऐसे में हर कोई उनके बारे में जानने के लिए एक्साइटेड रहता है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो कहा जाता है कि सनी से सीक्रेट तरीके से लंदन में शादी की थी। इतना ही नहीं बल्कि उन्होंने अपनी शादी को कुछ टाइम तक छुपाकर भी रखा। हालांकि शादी के बाद भी पूजा लंदन में रही और सनी उनसे मिलने जाते थे।

# दुनिया में बहुत रामायण बनी, जब राम ही लक्ष्मण बन गए थे



बॉलीवुड इंडस्ट्री में हर मुद्दे पर फिल्में बनती रही हैं। इसके अलावा कई सारे टीवी सीरियल्स भी बने हैं। भगवान राम पर भी एंटरटेनमेंट वर्ल्ड में खूब काम हुआ है। रामानंद सागर की रामायण के बाद से तो भगवान राम टीवी के माध्यम से देश के घर-घर तक पहुंच गए। अब तक भगवान राम पर ये फिल्में और टीवी सीरियल्स बन चुके हैं। एक रामायण में तो राम ही लक्ष्मण बन गए थे।

**रामायण**– रामानंद सागर की रामायण साल 1987 में आई थी। इस रामायण ने फैंस के मन में ऐसा घर किया कि इसके किरदारों को ही लोगों ने भगवान मान लिया। इन सीरियल्स को फैंस आज भी देखते हैं। इसकी पॉपुलैरिटी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जब कोरोना काल में रामायण का लाइव टेलिकास्ट हुआ तो इस दौरान लोग अपने-अपने घरों में टीवी से चिपककर बैठ गए और शो ने टीआरपी पर भी कई रिकॉर्ड्स बनाए।



**रामायणा द लेजेंड ऑफ प्रिंस राम**– इस शो की बात करें तो ये एक एनिमेटेड शो था जिसे इंडिया और जापान ने मिलकर को-प्रोड्यूस किया था। इसका निर्देशन युगो साको ने किया था। 90s के किड्स को ये शो काफी पसंद भी आया था।

**सम्पूर्ण रामायण**– रामायण के नाम पर सिर्फ टीवी सीरीज ही नहीं बल्कि कई सारी फिल्में भी बनीं। इन फिल्मों ने खूब नाम भी कमाया। एक फिल्म साल 1961 में आई थी जिसका नाम सम्पूर्ण रामायण था। इसमें महिपाल और अनीता गुहा नजर आए थे। इसका निर्देशन बाबूभाई मिस्त्री ने किया था।

**लव-कुश**– ये फिल्म साल 1997 में आई थी। इस फिल्म की खास बात ये थी कि इसमें बॉलीवुड एक्टर जितेंद्र राम के रोल में नजर आए थे वहीं लक्ष्मण का रोल टीवी में राम का रोल प्ले करने वाले अरुण गोविल ने किया था। इसके अलावा जया प्रदा इसमें सीता के रोल में नजर आई थीं।

**रामायण 20 साल बाद** – रामानंद सागर की रामायण के करीब 20 साल बाद गुरमीत चौधरी और देबिना बनर्जी भी इस रोल में नजर आए। दोनों का ये सीरियल साल 1987 में आई रामायण के बाद देखा जाने वाला सबसे शानदार टीवी शो माना जाता है। इसके अलावा टीवी पर जितनी भी रामायण बनीं उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा।

**बाल रामायण**– इस फिल्म की बात करें तो ये फिल्म साल 1996 में आई थी। ये एक साउथ फिल्म थी जिसमें जूनियर एनटीआर ने लीड रोल प्ले किया था। आज जूनियर एनटीआर साउथ इंडस्ट्री का बहुत बड़ा नाम बन चुके हैं।

# सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर कायस्थ महासभा व कांग्रेसजनों ने किया माल्यार्पण, भाजपा ने मनाया पराक्रम दिवस

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के 127 वीं जयंती को भाजपा ने पराक्रम दिवस के रूप में मनाया।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने टैक्सी स्टैंड स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की आमदकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा उनके सम्मान में नारे लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस स्वतंत्रता संग्राम के अतुलनीय सेनानी थे जिन्होंने अपने नेतृत्व क्षमता के बल पर आजाद हिन्द फौज की स्थापना कर अंग्रेजों के नाक में दम कर, देश के आजादी के लिए एक नये तरह के संघर्ष को अपना कर अंग्रेजों को भागने पर मजबूर कर दिया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में नेता जी का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित है।





इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता डा व्यास मुनि राय,जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा,नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता, रासबिहारी राय, अजय कुशवाहा, हेमंत त्रिपाठी, अभिनव सिंह, अविनाश सिंह, राकेश जायसवाल, नंदू कुशवाहा, राम जी कुशवाहा, हिमांशु यादव, सुशील वर्मा, नितीश दुबे, दीपक जायसवाल, निखिल राय, मयंक जायसवाल, संतोष जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

वही अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में प्रतिमा स्थल पर विचार गोष्ठी एवं माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित हुआ । गोष्ठी आरंभ होने के पहले महासभा के सभी कार्यकताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए देश की आजादी, एकता और अखंडता की रक्षा करने का संकल्प लिया ।

गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने डॉक्टर सुभाष चंद्र बोस जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ सुभाष चंद्र बोस महान देशभक्त थे, उनमें देशभक्ति का जज्बा कूट कूट कर भरा था। डॉ सुभाष चंद्र बोस ने भारत के लिए पूर्ण स्वराज का सपना देखा था। भारत को परतंत्रता की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए आंदोलन के दौरान उन्हें कई बार जेल जाना पड़ा । द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई को तेज करने के लिए आजाद हिंद फौज का गठन किया । वह बचपन से ही पढ़ाई में बहुत होनहार थे। वह भारतीयों पर अंग्रेजों द्वारा किए जा रहे अन्याय और अत्याचार के खिलाफ थे । उन्होंने भारतीयों पर अंग्रेजों के द्वारा किये जा रहे जुल्म और ज्यादती का पुरजोर विरोध किया । उन्होंने ही तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा और जय हिंद का नारा दिया था।वह क्रांतिकारी विचारों के व्यक्ति थे । उनके अन्दर असीम साहस,अनूठे शौर्य और अनूठी संकल्प शक्ति का अनन्त प्रवाह विद्यमान था ।

इस अवसर पर मुख्य रूप महासभा के संरक्षक अशोक कुमार श्रीवास्तव, सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, विजय प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ एस के मिश्राआदि उपस्थित थे ।गोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री अरुण ने किया।

स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के वीर सिपाही बाबू सुभाष चंद्र बोस की जयंती कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने जिला मुख्यालय स्थित का०सरजू पांडे पार्क पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर और मिष्ठान वितरण कर मनाया। वरिष्ठ कांग्रेसी जनक कुशवाहा तथा प्रवक्ता अजय श्रीवास्तव ने सुभाष चंद्र बोस को नमन किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक अमिताभ अनिल दुबे, रविकांत राय, बटुक नारायण मिश्र, अजय कुमार श्रीवास्तव,चंद्रिका सिंह, हामिद अली उषा चतुर्वेदी, महबूब निशा, राम नगीना पांडे, दिव्यांशु पांडे, धर्मेंद्र कुमार, कुसुम तिवारी, रूद्रेश निगम, राजेश गुप्ता, माधव कृष्ण, शबीहूल हसन, आदिल अख्तर, आलोक यादव, ओम प्रकाश पांडे, सीताराम राय, सुधांशु तिवारी, राकेश राय, अजय दुबे, अच्छे लाल भारती, शंभू सिंह कुशवाहा, रईस अहमद, सुशील कुमार सिंह ,जफरूल्लाह अंसारी, ओजस्व साहू, लखन श्रीवास्तव, मोइनुद्दीन, राजेश उपाध्याय, विद्याधर पांडे संजय साहू कमलेश्वर शर्मा अवधेश साहू, विजय शंकर पांडे प्रमिला देवी आदि लोग उपस्थित रहे।

# विधायक के नेतृत्व में डीएम से मिलने पहुंचे मृतक राम विशुन पाल के परिजन

प्रखर जौनपुर। विधायक केराकत तूफानी सरोज के नेतृत्व में मृतक राम विशुन पाल की पत्नी शान्ती देवी व बेटी मनीषा पाल के साथ जिलाधिकारी से मिलने पहुंचे। बतादें विगत दिनों थाना मीरगंज गांव अदारी में जमीन में पाईप लाइन विछाने को लेकर राम विशुन पाल की हत्या हो गया था पीड़ित परिवार को लेकर सोमवार को केराकत विधायक तूफानी सरोज जिलाधिकारी से मिलने पहुंचे। लेकिन जिलाधिकारी के अनुपस्थिति में सिटी मजिस्ट्रेट जलराजन चौधरी को पत्र देकर घटना की जानकारी दिया और त्वरित कार्यवाही करने की बात कही। वही उन्होंने कहा कि जीस तरह से उत्तर प्रदेश में जंगलराज कायम है और भाजपा सरकार मौन है कानून व्यवस्था ध्वस्त है और अपराधियों को संरक्षण देने का काम कर रहा है जिससे आम जनमानस में काफी आक्रोश है जीस दंबगों द्वारा विशुन पाल के जमीन पर पाइपलाइन विछाने को लेकर निर्मय हत्या किया गया वो बहुत दुखद है आज परिवार दहशत में है दंबग अभियुक्तों के समर्थन मे भाजपा सरकार के समर्थक लगें हुए हैं आज भी पीडित परिवार डराने धमकाने का काम कर रहें है हमारी मांग है कि अभी कुछ अभियुक्त पुलिस नहीं पकड़ पाया है और जो भी अभियुक्त है उसका अपराधिक रिकॉर्ड विभिन्न जिलों में है परिवार ने बताया है कि अभियुक्त संगठित अपराध करता रहा है प्रशासन अभियुक्त खिलाफ गुंडा एक्ट पर भी कार्रवाई करें और परिवार को सुरक्षा भी दें जिससें परिवार अपना पैरवी सही तरिके से कर सकें और अभियुक्त को सजा दिला सकें अगर जिला प्रशासन हमारी बातों को संज्ञान नहीं लेगा तो हम आगे जाने का काम करेंगे। परिजनों के साथ काफी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहें।।



# आयुष राज्यमंत्री के हाथों सम्मानित हुए अयोध्या के योद्धा

प्रखर खानपुर (गाजीपुर)। सिधौना स्थित सिद्धनाथ धाम पर आयुष राज्यमंत्री डॉ दयाशंकर मिश्रा ने अयोध्या के कारसेवकों को अंगवस्त्र देकर और माल्यार्पण कर सम्मानित किया। सिद्धनाथ धाम में रामलीला समिति के कलाकारों ने श्रीराम दरबार की झांकी प्रस्तुत किया। अयोध्याधाम के श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह को टीवी पर देखा। सुंदरकांड पाठ के बाद वृहद भंडारे में लोगों ने भोजन किया। शाम होते ही सिद्धनाथ धाम सहित पूरा गांव दीपों से जगमगा उठा। रामज्योति दीपों की दीपावली के लिए लोग अपने घरों के दरवाजे पर रंगीली बनाकर तोरण पताका लगाए थे। डॉ दयाशंकर मिश्रा ने श्रीराम सीता लक्ष्मण और हनुमानजी की आरती कर लोगों को श्रीराम सीता के जीवन आदर्श को आत्मसात करने की सीख दी। डॉ दयाशंकर मिश्रा ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम का मंदिर सनातन संघर्ष के त्याग और बलिदान की अदभुत मिसाल है। करोड़ों रामभक्तों के साधना समर्पण और श्रद्धा से आज पूरा विश्व राममय हो गया है। श्रीराम ने पक्षियों में सबसे नीचे गिद्धराज को और पशुओं में सबसे अपशगुन बंदर को गले लगाया है। मानव समाज में सबसे उपेक्षित भीलनी शबरी को मां का दर्जा दिया है। रामचंद्रजी ने सामाजिक समरसता का अदभुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस अवसर पर डॉ रामजी बागी ने कारसेवकों के सेवा को सनातन संस्कृति का अनमोल सेवा का दर्जा दिया।



आयुष राज्यमंत्री ने सिद्धनाथ धाम के कार्यपालक कृष्णानंद सिंह के साथ कारसेवक स्व ब्रह्मदेव राम की पत्नी, स्यामसुंदर तिवारी, लालबहादुर यादव, देवव्रत चौबे, मिथिलेश दीक्षित, रामधनी तिवारी, स्व कैलाश राम के पुत्र को अंगवस्त्र और रुद्राक्ष की माला देकर सम्मानित किया। शिवाजी मिश्रा, अनील सिंह, करुणाशंकर, शिवशंकर सिंह, सुबाष दीक्षित, संतोष मिश्रा रहे।

# हर्षोल्लास के साथ साखोपार में मनाया गया रामोत्सव

प्रखर कुशीनगर। प्रभु श्री राम के अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आज साखोपार में हर्षोल्लास के साथ रामोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में गांव के देव स्थानों पर भजन कीर्तन के बाद मुख्य मार्गो से झांकी निकाली गई जो साखोपार से बहोरापुर बड़ीपुल का फेरा लगाकर पुनः साखोपार वापस आकर समाप्त हो गई।इस अवसर पर श्रम पंजीयन अंशदान एवं नवीनीकरण समिति के अध्यक्ष व बीओसीडबल्यू बोर्ड श्रम मंत्रालय उत्तर प्रदेश सरकार के सदस्य भाजपा नेता अभय प्रताप नारायण सिंह ने राम भक्तो को संबोधित करते हुए कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के साथ आज से देश में राम राज स्थापित हो गया, प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व में पांच सौ साल बाद यह शुभ घड़ी आई है, उन्होंने कहा की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मोदी जी का मार्मिक उद्बोधन दिल को झकझोर कर रख दिया है वास्तव में राम भक्ति में हनुमान जी के बाद दूसरा स्थान मोदी जी को मिलेगा। कार्यक्रम के समापन पर शाखोपार स्थित शिव मंदिर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। झांकी जुलूस में भाजपा नेता अभय प्रताप नारायण सिंह, ग्राम प्रधान शैलेश प्रताप नारायण सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, वशिष्ठ जायसवाल, राकेश जायसवाल, कुशल प्रताप सिंह एडवोकेट, अभिषेक सिंह, कौशल कुमार सिंह, राजेश दुबे, निशांत सिंह, किंनरेश चौबे, बृजेश जायसवाल, संतोष उर्फ बबलू जायसवाल, अमन सिंह, त्रिपुरेश सिंह, सत्यम सिंह, अशोक जायसवाल, उमेश जायसवाल, बांके लाल सोनी, संतोष सिंह प्रधान प्रतिनिधि शामपुर हटवा, ईश्वर जायसवाल, सौरभ सिंह, रामकृपाल यादव, महंत पटेल, सुंदरम सिंह, शशांक सिंह, ओम सिंह, मणि कंचन चौबे, ब्रजेश चैबे, भुवनेश प्रताप सिंह, सूरज देव सिंह, धर्मेंद्र चौहान, राघव मद्धेशिया आदि भारी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।



# शहर कोतवाली से मिले लावारिश शव का इंतजामिया कमेटी ने कराया अंतिम संस्कार

प्रखर जौनपुर। जौनपुर शहर स्थित हजरत भुंदरा शाह कब्रिस्तान पर लावारिस लाश इंतजामिया कमेटी के द्वारा एक शव जो शहर कोतवाली सदर थाना द्वारा पोस्ट मार्टम के बाद प्राप्त हुआ था को सुपुर्दे खाक किया गया,उक्त शव के बारे मे पुलिस ने सूचना दी की 72 घंटा पहले मृत हालत में अटाला के सामने हिंदी भवन के पास से मिला था जिसकी पुलिस द्वारा जांच करने पर मौत हो चुकी थी,तलाशी लेने पर ऐसा कुछ भी नही प्राप्त हुआ जिससे उसके किसी वारिश तक पहुंचा जा सके।अखबार और टीवी पर सूचना देने पर भी जब कोई भी वारिस नहीं आया तो पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव कमेटी को सौंप दिया गया। कोविड काल से आज तक उक्त कमेटी कई शव मुस्लिम समुदाय का दफन करवा चुकी है।सदर रियाजुल हक ने बताया की अगर प्रशासन को कोई भी लावारिस लाश मुस्लिम समुदाय की मिलती है तो उस शव को उक्त टीम पूरे मुस्लिम रीति रिवाज से दफनाने का कार्य करती है। पुलिस प्रशासन ने बताया की किसी भी लावारिश लाश को 72 घंटे पहचान के लिए रखने के बाद उसको अंतिम संस्कार के लिए कमेटी को सौंप दिया जाता है,उक्त मिट्टी की जनाजे की नमाज हाफिज माज हलीमी ने अदा कराई। मिट्टी में बख्तियार आलम, रिजवान चचा, मास्टर मेराज, ताज मोहम्मद, आरिफ वसीउल्लाह, सद्दाम हुसैन, सलीमुल्ला चुन्ना, डॉक्टर मोइनुद्दीन, मास्टर खालिद का योगदान रहा वही कांस्टेबल अवनीश यादव,हेड कांस्टेबल इस्तेखार अहमद आदि मौजूद रहे।



# 25 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाये जाने के मद्दे नजर छात्र-छात्राओं को दिलाई शपथ, निकाली गई जागरूकता रैली

## सीडीओ ने व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी रैली को दिखाई हरी झण्डी

प्रखर संतकबीरनगर। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाये जाने के दृष्टिगत उपस्थित सभी अधिकारीगण, शिक्षक, छात्र तथा छात्राएं एवं अन्य लोगो को शपथ दिलाया गया तथा राष्ट्रीय मतदात जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखा कर एच0आर0ई0 कॉलेज से किया गया रवाना।

स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (स्वीप) के अन्तर्गत हीर लाल इण्टर कालेज खलीलाबाद से मेंहदावल चौराहे तक राष्ट्रीय मतदाता जागरुकता रैली निकाली गयी, जिसमें राजकीय कन्या इण्टर कालेज, हीरालाल इण्टर कालेज खलीलाबाद, स्काउट गाइड एवं एन0सी0सी0 के छात्र तथा छात्राये तथा नेहरु युवा केन्द्र के राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक, आवंनवाड़ी कार्यक्रती, आशा बहुये एवं स्वय सहायता समूह कार्यक्रती द्वारा प्रतिभाग किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाये जाने के दृष्टिगत उपस्थित अधिकारीगण, शिक्षक, छात्र/छात्राओं एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाया- हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अुक्षण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। इस अवसर पर डी0सी0एन0आर0एल0एम0 जीशान रिजवी, जिला विद्यालय निरीक्षक, संदीप चौधरी, ए0आर0टी0ओ0 पियंवदा सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार मिश्र, प्रधानाचार्या निशा यादव, प्रवक्ता रवि प्रकाश सहित सम्बन्धित विद्यालय छात्र तथा छात्राएं, शिक्षकगण आदि उपस्थित रहे।



# भव्य राम दरबार सजा, हुआ राम का पूजन, यज्ञ, भंडारा



प्रखर कसया, कुशीनगर। अयोध्या में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र राम मय हो गया। घरों में दीप जलाए गए और राम का पूजन पूरी श्रद्धा के साथ कि गयी। जगह जगह भजन कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया गया। इसी क्रम में नगरपालिका परिषद कुशीनगर अंतर्गत वार्ड संख्या 22 महन्थ अवैद्यनाथ नगर (सिसवा-महन्थ) में व्यवसायी जितेंद्र विश्वकर्मा द्वारा भव्य राम दरबार सजाया गया तथा अखण्ड रामायण पाठ, यज्ञ व पूणार्हुति कार्यक्रम संपन्न हुआ। सैकड़ों भक्तों ने श्रीराम विद्वान आचार्य गण के मंत्रोच्चार के बीच का पूजन अर्चन किया। इस मौके पर लोगों में कम्बल बितरित हुआ और महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान नापप अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल, देवेंद्र शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, रविन्द्र विश्वकर्मा, डॉ अम्बरीष विश्वकर्मा, जितेंद्र विश्वकर्मा, सुमित शर्मा प्रभुनाथ शर्मा, धनंजय कुमार सिंह पहलवान, संजय सिंह, गेंदा सिंह, सभासद विजेंदर प्रताप सिंह उर्फ भगत, अशोक सिंह, नमन, कर्तिक, अमन, मोहन शर्मा, विपुल दुबे, रत्नेश श्रीवास्तव, राहुल सिंह, तारा देवी, सुनिता देवी, अर्चना देवी, तुलसी देवी, ज्योति देवी, निशु विश्वकर्मा, निधि शर्मा, सुनंदा शर्मा, गुड़िया देवी, प्रीति, नीतू सिंह, रजनी, गायत्री, पूनम, रीति सिंह, सुशीला देवी, बेबी सिंह, अनूप तिवारी सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अयोध्या में प्रभु श्रीरामजी की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठापना के उपलक्ष्य में सनातन संस्था के विविध उपक्रम कार्यान्वित !

प्रखर पटना। 500 वर्ष की प्रतीक्षा के उपरांत कल के पावन दिन अयोध्या में श्रीरामलला विराजमान हुए। इस उपलक्ष्य में हिन्दुओं को धर्म की शिक्षा देने के उद्देश्य से अनेकों वर्षों से सेवारत सनातन संस्थाद्वारा विविध उपक्रम चलाए गए। श्रीरामजी के प्रति सभी की भाव-भक्ति बढ़े, इस हेतु बिहार के विविध जिलों के मंदिर जैसे पटना, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, गया, सोनपुर, बेगुसराय के मंदिर में श्रीरामनाम संकीर्त्तन किया गया। श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठापना के उपलक्ष्य में ८ दिनों तक ऑनलाइन के माध्यम से श्रीरामजी की गुण-विशेषताएं बताई गईं तथा श्रीरामजी के नाम का अर्थात श्रीराम जय राम जय जय राम का जप किया गया। श्रद्धालुओं को श्रीरामजी के संकीर्त्तन से बहुत आनंद मिला। श्रीराम भक्तों साथ ही पटना के मीठापुर, छपरा के दाऊदनगर, दरभंगा, सोनपुर के २ मंदिरों की स्वच्छता की गई। श्रीराम जी के विषय में श्रद्धालुओं को शास्त्रीय जानकारी मिले इस उद्देश्य से सनातन संस्था की ओर से पटना, सोनपुर तथा समस्तीपुर में ग्रंथ प्रदर्शनी भी लगाई गई। सनातन संस्था की ओर से हम भी धर्माचरण कर रामराज्य की प्रजा के समान सात्विक बने, ऐसे आवाहन भी किया गया।

### विदुषी वर्मा को श्री राम शिरोमणि सम्मान



प्रखर दानगंज वाराणसी। सनबीम इंग्लिश स्कूल भगवानपुर के 11वीं की छात्रा एवं उदीयमान गायिका विदुषी वर्मा को उत्तर प्रदेश पत्रकार परिषद एवं नव निर्माण सेवा ट्रस्ट के ओर से अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर आयोजित श्री रामोत्सव भजन एवं सम्मान समारोह में प्रसिद्ध साहित्यकार एवं उद्योगपति दीनानाथ झुनझुनवाला ने विदुषी को श्रीराम शिरोमणि सम्मान -2024 से सम्मानित किया। लंका स्थित किंग्स होटल बनारस में विदुषी ने एक से बढ़कर एक राम भजन सुनाकर पूरे सभागार को राममय बना दिया। इस अवसर पर प्रोफेसर अरविंद कुमार जोशी, प्रोफेसर ओमपाल सिंह निडर, कवि इंद्रजीत निर्भीक, डॉ आशुतोष त्रिपाठी, डॉ पल्लवी त्रिपाठी, राजेश मिश्रा, नूतन ठाकुर, डॉ. चकाचौंध ज्ञानपुरी, डॉ. प्रवीण तिवारी समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### अपर पुलिस अधीक्षक के द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का किया गया निरीक्षण, दिये गए आवश्यक दिशा निर्देश



प्रखर संतकबीरनगर। अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर शशि शेखर सिंह द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मे साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी व कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। निरीक्षण के दौरान 26 जनवरी/गणतंत्र दिवस की परेड की तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया साथ ही विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया गया।

### आउटडोर एल. ई.डी.होर्डिग के माध्यम से गाँवों में पेयजल एवं स्वच्छता मिशन कार्यक्रम का आयोजन



प्रखर संतकबीर नगर। विकास खण्ड बेलहरकला राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,नमामि गंगे तथा ग्रामीण जिला पूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश शासन जल जीवन मिशन हर घर जल के अंतर्गत आउटडोर एल.ई.डी. होर्डिंग एक्शन फॉर रूलर डेवलपमेंट की टीम को विकाश खण्ड अधिकारी श्री राजेश कुमार,सहायक विकास अधिकारी पंचायत श्री सभाजीत यादव व सचिन व ग्राम प्रधान एवं अन्य अधिकारी गण द्वारा हरी झंडी दिखाकर विकास खण्ड स्तरीय व राजस्व स्तरीय एल.ई.डी.व होर्डिंग फ्लेक्सी बैनर जनपद स्तरीय तहसील,ग्राम पंचायत व राजस्व स्तर के लिए रवाना किया । जो पूरे ब्लाक स्तरीय व राजस्व स्तरीय पर आई.ई.सी. गतिविधियों के माध्यम से जन जागरूकता का कार्य करेंगी एक्शन फॉर रूरल डेवलपमेंट संस्था डी.पी.सी. सक्षम प्रताप सिंह व सहायक डी.पी.सी. नीरज जायसवाल के द्वारा ब्लॉक स्तर,राजस्व एवं ग्राम पंचायत के लिए रवाना किया गया।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं